अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605





दैनिक
# राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 100 | लखनऊ, शनिवार, 25 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### बिहार की जनता तेजस्वी और इंडी गठबंधन को मौका देगी : अखिलेश

अजमेर। समाजवादी पार्टी सुप्रीमो व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि बिहार की जनता तेजस्वी और इंडी गठबंधन को एक मौका देगी। उन्होंने तेजस्वी यादव को इंडी गठबंधन की ओर से बिहार में मुख्यमंत्री का चेहरा बनाए जाने पर खुशी जाहिर की। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव शुक्रवार को किशनगढ़ मार्बल सिटी आए थे। चार्टर प्लेन से किशनगढ़ एयरपोर्ट पहुंचे अखिलेश यादव का यहां फूल माला से स्वागत किया गया। मीडिया से बातचीत में अखिलेश ने कहा कि बिहार की जनता इंडी गठबंधन को एक मौका जरूर देगी। उन्होंने भाजपा सरकार पर तंज करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार नहीं झूठ का इंजन है।

### छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में फूड पॉइजनिंग से पांच की हुई मौत, 20 बीमार

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और बीजापुर जिले की सरहद पर बसे अबूझमाड़ के गांव में फूड पॉइजनिंग होने से पांच ग्रामीणों की मौत हो गई। जबकि 20 से ज्यादा ग्रामीण बीमार हैं। नारायणपुर और बीजापुर जिले की स्वास्थ्य विभाग की टीम गुरुवार शाम को गांव पहुंची और लोगों के इलाज में तत्पर है। यह मामला नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लॉक के डूंगा गांव के घोट पारा का है। 14 अक्टूबर को इस गांव में एक ग्रामीण के घर तेरहवीं का कार्यक्रम था, जिसमें पूरा गांव शामिल हुआ था। यहां खाना खाने के बाद अचानक ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ने लगी थी। ग्रामीणों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। गांव वाले पहले गांव में ही सिरहा गुनिया से इलाज करवा रहे थे। इसके बाद 14 अक्टूबर से लेकर 20 अक्टूबर के बीच 2 महीने की बच्ची बेबी, बुधरी (25), बुधराम (24), लख्खे (45) और उर्मिला (25) की मौत हो गई।

### महापर्व छठ का चार दिवसीय महाअनुष्ठान आज से नहाय-खाय के साथ होगा शुरू

पटना। लोक आस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय महाअनुष्ठान शनिवार यानी 25 अक्टूबर को 'नहाय-खाय'से शुरु हो रहा है। इस दिन व्रती स्नान करके स्वच्छता का पालन करते हैं और फिर सात्विक भोजन जैसे कद्दू, चने की दाल और चावल का सेवन करते हैं। इसके अगले दिन खरना से छठ व्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास रखेंगी, जिसमें व्रती शाम को खीर आदि खाने के बाद निर्जला उपवास रखेंगी । 27 अक्टूबर को डूबते सूर्य को संध्या अर्घ्य दिया जाएगा। 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को सुबह अर्घ्य दिया जाएगा, जिसके बाद इस चार दिवसीय महा-अनुष्ठान का समापन हो जायेगा।

## युवा सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मोदी

● मोदी ने 51 हजार नियुक्ति पत्र बांटे

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए रोजगार मेले को संबोधित करते हुए युवाओं के लिए एक बड़ी पहल 'प्रतिभा सेतु पोर्टल' की घोषणा की। पोर्टल यूपीएससी की अंतिम सूची में पहुँचे चयनित नहीं होने वाले उम्मीदवारों को अवसर प्रदान करता है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि उनके प्रयास व्यर्थ नहीं जाएँगे। निजी और सार्वजनिक दोनों संस्थान अब इस पोर्टल के माध्यम से इन प्रतिभाशाली व्यक्तियों से जुड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने आज विभिन्न मंत्रालयों एवं सरकारी संस्थानों में 51 हजार को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज की नियुक्तियाँ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के अवसर हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नियुक्त व्यक्ति निष्ठा और ईमानदारी से काम करेंगे और भविष्य के भारत के लिए बेहतर व्यवस्थाएँ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि युवा सशक्तिकरण उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। रोज़गार मेले युवा भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक सशक्त माध्यम बन गए हैं। हाल के दिनों में इन मेलों के माध्यम से 11 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयास केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित नहीं हैं। सरकार ने 3.5 करोड़ युवाओं को रोज़गार प्रदान करने के लक्ष्य के साथ 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना' शुरू की है। उन्होंने कहा कि स्किल इंडिया मिशन जैसी पहल युवाओं को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। राष्ट्रीय करियर सेवा जैसे मंच उन्हें नए अवसरों से जोड़ रहे हैं। इस मंच के माध्यम से 7 करोड़ से अधिक रिक्तियों की जानकारी युवाओं के साथ साझा की जा चुकी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ल्लभारत वर्तमान में दुनिया का सबसे युवा देश है और भारत के युवाओं की ताकत इसकी सबसे बड़ी संपत्तियों में से एक है। प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए अवसर तैयार करने में विदेश नीति से जुड़े प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत के राजनयिक जुड़ाव और वैश्विक समझौता ज्ञापनों में युवाओं के प्रशिक्षण, कौशल विकास और रोज़गार सृजन के प्रावधान तेज़ी से शामिल हो रहे हैं।

## यह महागठबंधन नहीं लठबंधन है : प्रधानमंत्री

● रफ्तार से चलेगा बिहार, जब फिर आएगी 'एनडीए' सरकार: नरेंद्र मोदी

एजेंसी



बेगूसराय। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बेगूसराय की धरती पर बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह के समय इलाके में हुई औद्योगिक प्रगति को याद करते हुए श्लोगन दिया, 'रफ्तार से चलेगा बिहार , जब फिर आएगी 'एनडीए' सरकार।

श्री मोदी ने आज जनसमूह को संबोधित करते हुए बेगूसराय के गौरव राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' और शहर की बहू शारदा सिन्हा को याद किया। उन्होंने कहा कि उनके गाये हुए छठ पूजा के गीत अमर है और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)सरकार ने ही उन्हें पहले पद्म भूषण तथा बाद में पद्म विभूषण पुरस्कार से नवाजा था। उन्होंने बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह को याद करते हुए कहा कि उनके विजन से बेगूसराय एक समय देश का प्रमुख औद्योगिक शहर बन गया था और यहां बरौनी तेल शोधक कारखाने के साथ खाद का भी कारखाना लगाया गया। उन्होंने कहा कि बाद के दिनों में कांग्रेस-राजद सरकार की उपेक्षा से खाद का कारखाना जर्जर हो गया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में 'पीएम ऊर्जा गंगा योजना' बना कर बंगाल से इस कारखाने के लिए पाइप लाइन से गैस उपलब्ध कराई गई।

उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के बाद न केवल यह कारखाना पुनः जीवित हो उठा, बल्कि इससे प्रदेश के घरों में भी पर्याप्त गैस उपलब्ध होना शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने बरौनी तेलशोधक कारखाने में भी नया निवेश कर 'पेट्रोकेमिकल' प्लांट लगाया है जिससे इस इलाके में प्लास्टिक उद्योग का प्रसार होगा। उन्होंने कहा कि बरौनी डेयरी के विस्तार से इस इलाके के पशुपालकों को लाभ हुआ है और धीरे धीरे बेगूसराय टेक्सटाइल हब के रूप में भी विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन नए परिवर्तनों से बेगूसराय में नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेगूसराय ही नही 'रफ्तार से चलेगा बिहार, जब फिर आएगी एनडीए सरकार'।

## कुरनूल में चलती बस में लगी आग, 20 की मौत व 13 झुलसे

एजेंसी

करनूल। आंध्र प्रदेश में कुरनूल के बाहरी इलाके चिन्नाटकुरु में एक चलती बस में आग लगने से एक बाइक सवार सहित 20 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में 13 लोग झुलस गए हैं। हादसे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक जताया और मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये का मुआवजा देने की बात कही है। राज्य के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने घटना की जांच के आदेश दिए है। तेलंगाना सरकार ने दुर्घटना में मारे गए अपने राज्य के नागरिकों को पांच-पांच रुपये का मुआवजा देने की घोषणा



की है।

शुक्रवार सुबह 3:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर कुरनूल जिले के चिन्नाटकुरु में उल्लिंडकोंडा चौराहे पर एक बाइक से टकराने के बाद हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही वेमुरी कावेरी ट्रैवल्स की बस में आग लग गई। बस में 40 यात्री सवार होने की बात सामने आई है।आग लगने के बाद 12 यात्री किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाने में सफल हो गए।हादसे में बाइकसवार और अन्य 19 बस यात्री आग में जिंदा जल गए। अस्पताल से 13 झुलसे लोगों डिस्चार्ज कर दिया गया है1 हादसे में बस चालक और परिचालक बच गए हैं। कुरनूल बस दुर्घटना की जानकारी मिलने पर विदेश से ही आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने मंत्री मंडीपल्ली रामप्रसाद रेड्डी और अधिकारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक की। उन्होंने मृतकों की पहचान करने और परिवारों को तत्काल सहायता प्रदान करने के आदेश दिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी जिलों में निजी बसों की फिटनेस, सुरक्षा और परमिट जांच के आदेश दिए हैं।

## 30 साल बाद बढ़ेंगे पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के वित्तीय अधिकार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोक निर्माण विभाग के विभागीय अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों में पांच गुना तक की वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बदलावों से विभागीय अधिकारियों को निर्णय लेने में अधिक स्वायत्तता प्राप्त होगी। उच्च स्तर पर अनुमोदन की आवश्यकता घटने से निविदा, अनुबंध गठन एवं कार्यारंभ की प्रक्रिया में गति आएगी। यह सुधार वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाने में सहायक होगा।

मुख्यमंत्री योगी द्वारा शुक्रवार को बुलाई गयी लोक निर्माण विभाग की बैठक में यह तथ्य सामने आया कि



विभाग के अधिकारियों के वित्तीय अधिकार वर्ष 1995 में निर्धारित किए गए थे। इस बीच निर्माण कार्यों की लागत में पांच गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स के अनुसार वर्ष 1995 की तुलना में वर्ष 2025 तक लगभग 5.52 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में वित्तीय अधिकारों का पुनर्निर्धारण आवश्यक है, जिससे निर्णय प्रक्रिया में तेजी आए और परियोजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जा सके।

अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग ने मुख्यमंत्री को सिविल, विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के लिए वित्तीय अधिकारों की वर्तमान व्यवस्था की जानकारी दी। विमर्श के उपरांत निर्णय लिया गया कि सिविल कार्यों के लिए अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों की सीमा अधिकतम पांच गुना तक तथा विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के लिए कम से कम दो गुना तक बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्णय के अनुसार मुख्य अभियंता को अब 2 करोड़ के स्थान पर 10 करोड़ तक के कार्यों की स्वीकृति का अधिकार होगा। अधीक्षण अभियंता को 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ तक के कार्यों की स्वीकृति का अधिकार दिया जाएगा। अधिशासी अभियंता के वित्तीय अधिकार 40 लाख से बढ़ाकर 2 करोड़ किए जाएंगे।

### छठ पर्व पर नदियों को स्वच्छ रखने का संकल्प लें : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छठ महापर्व के पावन मौके पर लोगों से नदियों-घाटों को स्वच्छ रखने का संकल्प लेने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के नाम लिखे एक पत्र में लिखा , ल्ल छठ महापर्व आस्था और प्रकृति के साथ साथ प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का एक अनुपम उत्सव है।

## सिवान में जंगलराज की वापसी नहीं होने देना है: अमित शाह

एजेंसी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार ने अब रफ्तार पकड़ ली है। शुक्रवार को एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समस्तीपुर और बेगूसराय में जनसभाओं को संबोधित किया, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वान में जनसभा को संबोधित किया।



सिवान में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि उन्होंने नामांकन के बाद पहली सभा सिवान में रखने कि इच्छा जताई थी। क्योंकि 20 सालों तक लालू-राबड़ी के शासनकाल में सिवान की भूमि ने जंगलराज को सहा है। शहाबुद्दीन के खौफ, अत्याचार और हत्याओं के दौर को सिवान ने झेला है। यहां की भूमि लहूलुहान हो गई, लेकिन सिवान वालों ने झुकना स्वीकार नहीं किया और लालू-राबड़ी शासन को समाप्त कर दिया। शहाबुद्दीन के दौर में हुई हत्या की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को एकजुट होना है, क्योंकि एक बार फिर से लालू यादव ने शहाबुद्दीन के बेटे को रघुनाथपुर से टिकट देने का काम किया है। आप सभी को शहाबुद्दीन के बेटे को हराना है और सिवान को जंगलराज से बचाना है। उन्होंने कहा कि हम यह चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ रहे हैं। नीतीश कुमार और नरेन्द्र मोदी मिलकर बिहार को विकास की पटरी पर दौड़ा रहे हैं।

अमित शाह ने सिवान जिले में सरकार के द्वारा सड़क, रेल, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और बिजली के लिए पावर ग्रिड निर्माण कार्य का जिक्र करते हुए कहा कि लालू यादव को बताना चाहिए की उन्होंने क्या कार्य किए। लालू यादव केवल अपने परिवार के लिए कार्य करते हैं, जबकि नीतीश सरकार ने 125 यूनिट बिजली फ्री किया, पटना को मेट्रो दिया। जीविका दीदियों और आशाओं के मानदेय में वृद्धि की।

केंद्रीय गृह मंत्री ने सभा के दौरान महागठबंधन के सीटों के बंटवारे में झगड़े पर भी तंज कसा और कहा कि अंत समय तक सीटों का बंटवारा नहीं सुलझा, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार कि जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया।

## पशिचम बंगाल में 'एसआईआर' प्रक्रिया नवंबर से, जनवरी तक पूरा होगा कार्य

एजेंसी

कोलकाता। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया नवंबर के पहले सप्ताह में शुरू होने जा रही है। पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय के एक वरिष्ठ सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने गुरुवार को दिल्ली में हुई राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) की बैठक में इस संबंध में संकेत दिया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने की, जबकि आयोग के अन्य सदस्य सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी उपस्थित रहे।

आगामी वर्ष पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। इन पांचों राज्यों के सीईओ के साथ आयोग की फुल बेंच ने अलग-अलग बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। आयोग सूत्रों के अनुसार, इन राज्यों को 'एसआईआर' प्रक्रिया में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी ताकि जनवरी के अंत तक सभी कार्य पूरे किए जा सकें। चूंकि इन राज्यों में अप्रैल के अंत तक चुनाव कराना है, आयोग ने मैदान स्तर पर कार्यरत अधिकारियों—जिला चुनाव अधिकारी, चुनाव पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), सहायक ईआरओ और बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ)—के प्रशिक्षण व नियुक्ति पर विशेष जोर दिया है।

सूत्रों का कहना है कि इस बार 'एसआईआर' प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी। इसके लिए नई मोबाइल एप्लीकेशन विकसित की जा रही हैं, जिससे मतदाता सूची के अद्यतन का कार्य अधिक पारदर्शी और सरल बनेगा। इस बीच, पश्चिम बंगाल के सीईओ ने बैठक में बीएलओ अधिकारियों, जो अमूमन स्कूल शिक्षक होते हैं, की सुरक्षा चिंताओं का मुद्दा उठाया।

## संयुक्त राष्ट्र की निर्णय प्रक्रिया पर विदेश मंत्री ने उठाए सवाल

● जयशंकर ने यूएन स्मारक डाक टिकट जारी किया

एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। भारतीय डाक विभाग ने इस स्मारक टिकट के डिज़ाइन के लिए एक खुली प्रतियोगिता का आयोजन किया था।



विदेश मंत्री ने मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में अपने वक्तव्य में वैश्विक दक्षिण की आशाओं और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करने वाले सुधारित बहुपक्षवाद की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के आदर्शों और व्यापक अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा, हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि संयुक्त राष्ट्र में सब कुछ ठीक नहीं है।

## आईएसआईएस मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए आईएसआईएस से जुड़े एक इंटरस्टेट मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। दिल्ली और मध्य प्रदेश के भोपाल में एक साथ हुई छापेमारी में दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि यह मॉड्यूल आगामी त्योहारों के दौरान दिल्ली में भीड़भाड़ वाले इलाकों में आतंकी हमला करने की योजना बना रहा था। पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद सिंह



कुशवाहा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सादिक नगर, दिल्ली निवासीमोहम्मद अदनान खान उर्फ अबू मुहरिब (19) और करोंद, भोपाल निवासी अदनान खान उर्फ अबू मोहम्मद (20) के रूप में हुई है। यह कार्रवाई स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त अमित कौशिक की देखरेख में की।

उन्होंने बताया कि दिल्ली निवासी मोहम्मद अदनान ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने आईएसआईएस के मौजूदा खलीफा अबू हफ्स अल-हाशिमी अल-कुरैशी के प्रति बैयत (निष्ठा की शपथ) ली थी। यह शपथ उसने सीरिया स्थित आईएसआईएस हैंडलर अबू इब्राहिम अल-कुरैशी के निर्देश पर ली थी और इसका वीडियो आईएसआईएस की पोशाक में रिकॉर्ड कर भेजा गया था। दोनों आरोपित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कट्टरपंथी वीडियो एडिट कर युवाओं को बरगलाने और भर्ती करने का काम करते थे। ये लोग इंस्ट्राग्राम और यूट्यूब पर कई बार बैन होने के बावजूद नए चैनल बनाकर कटरपंथी सामग्री फैलाते रहे है। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपित न केवल ऑनलाइन प्रचार-प्रसार कर रहे थे, बल्कि अब इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बनाने की दिशा में सक्रिय थे। उनके पास से टाइमर क्लॉक, आईएसआईएस का झंडा, आईईडी बनाने की मैनुअल, पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क, लैपटॉप और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद हुई है। स्पेशल सेल की समय रहते कार्रवाई से दिल्ली में त्योहारों के दौरान संभावित आतंकी हमले की साजिश नाकाम हुई है।

# संभल का 141 साल पुराना मनोकामना मंदिर जल्द बनेगा पर्यटन का प्रमुख केंद्र : जयवीर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ऐतिहासिक नगरी संभल स्थित प्राचीन मनोकामना मंदिर को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने जा रहा है। जिले के प्राचीन तीर्थ स्थलों और कुओं के संवर्धन अभियान के तहत, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) प्राचीन मनोकामना मंदिर के समग्र विकास की ओर अग्रसर है। योजना पर 171 लाख रुपये की धनराशि खर्च होगी। यह प्रयास न केवल प्राचीन मंदिर के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को सामने लाएगा, बल्कि संभल को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि 'संभल जनपद प्राचीन इतिहास और पौराणिक परंपराओं से समृद्ध क्षेत्र रहा है। राज्य सरकार जिला स्थित कूपों, देव स्थलों और प्राचीन मंदिरों के संरक्षण व सौंदर्यीकरण के लिए व्यापक प्रयास कर रही है। इसी श्रृंखला में अब 141 वर्ष पुराने मनोकामना मंदिर के आसपास पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों दोनों को बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने बताया, पौराणिक मान्यता है कि भगवान विष्णु का 10वां अवतार कल्कि रूप संभल में होगा। कल्कि धाम निर्माण से देश-दुनिया के आस्थावानों की नजर संभल पर टिकी है। संभल जनपद के प्राचीन और आस्था से परिपूर्ण मनोकामना मंदिर को जिले के सबसे लोकप्रिय मंदिरों में गिना जाता है। यहां



हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु पहुंचते हैं। यह मंदिर महान संत बाबा राम मणि की समाधि स्थली के रूप में प्रसिद्ध है। स्थानीय लोग उन्हें चमत्कारी उपचार के प्रतीक संत रूप में पूजते हैं, जिन्होंने अपना जीवन जनकल्याण और मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया। संभल के प्रसिद्ध मनोकामना मंदिर परिसर में एक प्राचीन कुंड भी है, जो हनुमान मंदिर, राम जानकी मंदिर और देवजी मंदिर जैसे कई अन्य छोटे मंदिरों से घिरा है। हर वर्ष यहां आयोजित होने वाला भंडारा संत बाबा राम मनी की पुण्य स्मृति को समर्पित होता है। भंडारे में जनपद और आसपास के क्षेत्र से आए भक्त भावपूर्वक सहभागिता करते हैं। संभल के चंदौसी से करीब चार किलोमीटर दूर ब्लॉक बनिया खेड़ा के गनेशपुर गांव में करीब 141 साल पुराना प्राचीन मनोकामना मंदिर है। नंद किशोर और गनेशी लाल ने सन 1884 में मनोकामना मंदिर का निर्माण करवाया था। यह मंदिर 20 बीघा जमीन पर बना है, जिसमें राधा कृष्ण का मंदिर और शिवालय के अलावा मनोकामना कुंड है। कुंड में एक गंगा देवी मंदिर है। विशाल कुंड में चारों ओर सीढ़ियां और ऊपर बरामदा बना है। बताया जाता है कि 150 साल पहले एक जमींदार ने मंदिर के नाम 100 बीघा जमीन दान कर दी थी। मंदिर परिसर में बना कुंड फ़िलहाल सूखा है। स्थानीय लोग बताते हैं कि जलस्तर गिरने से कुंड का पानी सूख गया। प्राचीन मान्यता रही है कि कुंड में स्नान करने से चर्म रोग दूर होते थे और मनोकामना भी पूर्ण होती थी। यहां स्नान के लिए दूर-दराज से भी लोग आते थे। क्षेत्रफल की दृष्टि से संभल छोटा जिला है। मगर, पर्यटन आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वर्ष 2024 में जनपद में जहां 43,58,329 पर्यटक आए, वहीं 2025 के शुरुआती महीने जनवरी से मार्च तक यहां तकरीबन 13,05,970 पर्यटक पहुंचे। पर्यटन विभाग को वर्षांत तक पर्यटकों का आंकड़ा 45 से 50 लाख के बीच रहने का अनुमान है। पर्यटन दृष्टि से सम्भल प्रमुख स्थल के रूप में उभर रहा है।

# फार्मास्युटिकल निर्माण में सहयोग को लेकर उत्तर प्रदेश और जापान के बीच चर्चा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में फार्मास्युटिकल निर्माण, नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, शुक्रवार को इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में जापान की कंसाई फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के साथ एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश और जापान की अग्रणी फार्मा कंपनियों के बीच रणनीतिक साझेदारी की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने की जिसमें इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस वर्चुअल सत्र में जापान की 125 से अधिक प्रमुख फार्मास्युटिकल कंपनियाँ मौजूद थी। वही भारत की ओर से प्रमुख रूप से टीआई मेडिकल्स, टॉरेंट फार्मा और थ्रीएक्सपर इनोवेंचर के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जापानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एसोसिएशन के महानिदेशक डॉ. योशिकाज़ु हयाशी और चुओ गाकुइन विश्वविद्यालय की प्रोफ़ेसर अत्सुको कामीइके ने किया।

प्रोफ़ेसर कामीइके ने भारत के फार्मा क्षेत्र की नवाचार क्षमता, विश्वसनीयता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की सराहना करते हुए भारत को ‘दुनिया की फार्मेसी’ कहा। उत्तर प्रदेश की क्षमताओं को रेखांकित करते हुए श्री अवस्थी ने बताया कि राज्य एक अग्रणी फार्मा हब बनने की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है। उन्होंने केजीएमयू, एसजीपीजीआई, दो अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), 200 से अधिक मेडिकल कॉलेज और 25 से अधिक मेडटेक स्टार्टअप्स की मौजूदगी का उल्लेख किया, जो कॉन्ट्रैक्ट डेवलपमेंट एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑर्गनाइजेशन के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार कर रहे हैं। श्री अवस्थी ने राज्य की विश्वस्तरीय अवस्थापना सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला, जिनमें 13 एक्सप्रेसवे (7 संचालित और 6 निर्माणाधीन), समेत 5 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और 16 घरेलू हवाई अड्डे शामिल हैं। साथ ही, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से निकटता, विशाल उपभोक्ता आधार और 56 प्रतिशत से अधिक युवा मानव संसाधन की उपलब्धता।

उन्होंने उत्तर प्रदेश निवेश प्रोत्साहन नीति 2023 का उल्लेख किया, जो एफडीआई/एफसीआई, फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियों के लिए आकर्षक प्रोत्साहन और सब्सिडी प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त राज्य में 33 से अधिक क्षेत्र विशिष्ट निवेश अनुकूल नीतियां भी लागू हैं ।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार जा रही प्राइवेट बस आगरा-एक्सप्रेस-वे पर पलटी,13 यात्री घायल

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आगरा-एक्सप्रेस-वे पर एक प्राइवेट बस बेकाबू होकर पलट गई। बस रेलिंग को तोड़ते हुए करीब 15 फीट नीचे गिर गई। बस में सवार 13 यात्री घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। एक यात्री मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है। 27 अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं। ड्राइवर-कंडक्टर बस छोड़कर फरार हो गए। हादसा शुक्रवार तड़के 4.30 बजे काकोरी इलाके में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर रेवरी टोल प्लाजा के पास हुआ। बस आनंद विहार दिल्ली से मुजफ्फरपुर बिहार जा रही थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। बिहार के गयाजी जिले का 21 साल का सागर कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें, तो बस (यमपी 80 जेटी 8664) की रफ्तार काफी तेज थी। रेवरी टोल प्लाजा से करीब 2 किलोमीटर पहले बस अचानक बेकाबू हो गई। एक्सप्रेस-वे की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 15 फीट नीचे गड्ढे में गिर गई। बस में चीख-पुकार मच गई। किसी तरह यात्री बाहर निकले। घटना की पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी। सूचना पर पुलिस, राहत दल और एम्बुलेंस पहुंचा। हादसे में घायल हुए यात्रियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। बताया गया कि बस में 40 यात्री सवार थे। उनमें से बद्री शाह, ममता, कविता सिंह, अरविंद कुमार, राकेश, प्रीति, संजीव, पुनीत राजपूत, विक्की, रोशनी और सागर कुमार मामूली रूप से घायल हुए। यात्री सुधीर का हाथ टूट गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी मिल गई। पुलिस ने सभी यात्रियों को दूसरी गाड़ी की व्यवस्था करके मुजफ्फरनगर, बिहार भेज दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आया है कि ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ है। हादसे के बाद ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बस क्रेन से हटवाया। बस मालिक बस लेकर चला गया। ड्राइवर-कंडक्टर की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उससे बस की स्पीड और अन्य जानकारियां हासिल होंगी। सतीश चंद्र राठौर प्रभारी निरीक्षक काकोरी ने बताया कि सूचना पर मौके पर पुलिस और एम्बुलेंस पहुंची थी। घायलों को काकोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया था।

### पेड़ों में पानी डालने गए युवक की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सहादतगंज इलाके में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। यहां रहने वाले 39 वर्षीय अनिल वर्मा की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, सुबह के समय अनिल अपने घर की बालकनी से पेड़ों में पानी डाल रहे थे, तभी उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नीचे गिर पड़े। परिजन और आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सुबह करीब 7.30 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया। अनिल वर्मा इवेंट मैनेजमेंट का काम करते थे और अपने व्यवहार के लिए मोहल्ले में काफी लोकप्रिय थे। उनके साले सौरभ ने बताया कि हादसे के समय घर के सभी सदस्य मौजूद थे। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अनिल के परिवार में पत्नी शिल्पी वर्मा हैं, जो क्वीन मैरी अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत हैं। उनके दो बच्चे हैं। 12 साल की बेटी अशी और 4 साल का बेटा सुभाष। दोनों बच्चे पिता के निधन से सदमे में हैं। अनिल के पिता, राधेश्याम वर्मा, जाने-माने नेत्र सर्जन थे जिनका निधन वर्ष 2022 में हो गया था। परिवार पहले से ही पिता के निधन के दुख से उबर नहीं पाया था कि अब अनिल की आकस्मिक मौत ने सभी को गहरे सदमे में डाल दिया है।

### विकास मोहनलालगंज और रजनीश कृष्णानगर भेजे गए, नवरत्न व सतीश एसीपी ट्रैफिक बने

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पुलिस कमिश्नरेट स्तर पर फ़ेरबदल किया गया है। शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार चार सहायक पुलिस आयुक्तों (एसीपी) के कार्यक्षेत्रों में परिवर्तन किया गया है। रजनीश वर्मा को एसीपी कृष्णानगर, लखनऊ की जिम्मेदारी दी गई है। नवरत्न गौतम को अब एसीपी यातायात, लखनऊ बनाया गया है। सतीश कुमार राय को भी एसीपी यातायात, लखनऊ की जिम्मेदारी दी गई है। विकास कुमार पांडे को एसीपी मोहनलालगंज, लखनऊ के पद पर तैनात किया गया है।

# तेजस्वी के फर्जी वादों से बिहार की जनता का कोई सरोकार नही : मौर्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जंगलराज के नए-नवेले अवतार तेजस्वी यादव के कथित फर्जी वादों से बिहार की जनता का अब कोई सरोकार नहीं है। श्री मौर्य ने एक्स पर लिखा बिहार में यादव परिवार की राजनीति झूठ और छल पर आधारित रही है और अब जनता इस परिवार की इन बातों से पूरी तरह ऊब चुकी है। तेजस्वी यादव जिन घोषणाओं और वादों की बात करते हैं, उन्हें पूरा करने के लिए बिहार सरकार का अगले 50 वर्षों का कुल बजट भी कम हो जाएगा। उन्होंने कहा तेजस्वी यादव पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संगत का गहरा असर हो चुका है। अब वे भी दिन-रात झूठ बोलने के अलावा कोई और काम नहीं करते। तेजस्वी और राहुल दोनों की राजनीति जनता को गुमराह करने और असत्य परोसने पर टिकी है। बिहार की जनता विकास, रोजगार और सुशासन चाहती है, न कि पुराने जंगलराज की वापसी। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले चुनावों में जनता एक बार फिर झूठी राजनीति को नकारकर सच्चे विकास की राह चुनेगी। गौरतलब है कि बिहार चुनाव को लेकर तेजस्वी यादव हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व जीविका कम्युनिटी मोबिलाइज को स्थाई कर उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्ज़ा देकर उनके वेतन को 30 हजार रुपये प्रति माह देने सहित कई घोषणाएं की है।

# जीरो पावर्टी अभियान: पीएम उज्ज्वला और अटल आवासीय जैसी योजनाओं पर फोकस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में जीरो पावर्टी अभियान को एक मिशन के रूप में संचालित करने का संकल्प लिया है। उनके विजन का लक्ष्य स्पष्ट है–राज्य के हर गरीब परिवार को सरकारी योजनाओं का सम्पूर्ण लाभ दिलाना, ताकि कोई भी परिवार बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे।

इसके तहत पहले चरण में जहां सात प्रमुख योजनाओं (राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना) के माध्यम से चिन्हित परिवारों को आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया था, वहीं अब दूसरा चरण और अधिक व्यापक होने जा रहा है।

अभियान के दूसरे चरण में अब प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जलजीवन मिशन, विद्युत कनेक्शन, शिक्षा तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना पर विशेष जोर दिया जा




रहा है। इन योजनाओं का उद्देश्य प्रत्येक गरीब परिवार को ऊर्जा, स्वच्छता, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन की बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जीरो पावर्टी केवल योजना न रहे, बल्कि एक सामाजिक संकल्प बन जाए। उनका स्पष्ट संदेश है कि यह अभियान न सिर्फ लाभ पहुंचाने का प्रयास है, बल्कि गरीबी के चक्र को स्थायी रूप से तोड़ने का एक मॉडल है, जो उत्तर प्रदेश को गरीबीमुक्त प्रदेश बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम साबित होगा। यह अभियान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस योगी मॉडल ऑफ डेवलपमेंट की मिसाल है, जिसमें विकास केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि हर गरीब परिवार के जीवन में दिखता है। जहां प्रधानमंत्री मोदी का सबका साथ, सबका विकास नारा है, वहीं मुख्यमंत्री योगी का विजन उसे धरातल पर जीरो पावर्टी के रूप में साकार कर रहा है। दूसरे चरण में अटल आवासीय योजना भी अभियान का अहम हिस्सा है। इसके तहत निराश्रित बच्चों को सुरक्षित आवासीय शिक्षा से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। वहीं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत कमजोर वर्ग की बालिकाओं को उनके विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता दी जाएगी। इसी तरह, मुख्यमंत्री का निर्देश है कि सभी अनाथ बच्चों को बाल सेवा योजना में नामांकित किया जाए, जिससे उन्हें योजना का लाभ मिल सके। परिवार के सभी बच्चों का स्कूल में नामांकन सुनिश्चित हो। साथ ही, सभी पात्र परिवारों को उज्ज्वला कनेक्शन दिए जाने पर भी जोर है, ताकि घरेलू महिलाएं सेफ कुकिंग फ्यूल का उपयोग सुनिश्चित कर सकें। वहीं, एसबीएम ग्रामीण के तहत सभी हाउसहोल्ड में सैनिटरी टॉयलेट्स की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। जलजीवन मिशन के अंतर्गत सभी घरों में स्वच्छ पेयजल और इलेक्ट्रिसिटी कनेक्शन योजना के अंतर्गत समस्त पात्रों को रेगुलर इलेक्ट्रिसिटी प्रदान करने का लक्ष्य है। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार जीरो पावर्टी के तहत चिन्हीकरण में उन परिवारों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिनके पास कृषि भूमि नहीं है, पक्का मकान नहीं है, या जिनके सदस्य वृद्ध, निराश्रित, अनाथ अथवा दिव्यांग हैं। साथ ही शिक्षा और रोजगार के अवसरों से वंचित युवाओं को भी प्राथमिकता दी जा रही है। यह मॉडल डेमोग्रॉफी, असेट ओनरशिप और एजूकेशन एंड एंप्लॉयबिलिटी के तीन स्तंभों पर आधारित है, जो गरीबी के मूल कारणों को दूर करने की दिशा में ठोस कदम है।

## आबकारी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी और पुलिस विभाग ने शुक्रवार को संयुक्त कार्रवाई की। आबकारी आयुक्त और जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाए गए अभियान में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरबाद की गई। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। संयुक्त टीम ने थाना रहीमाबाद क्षेत्र के ग्राम औलिया खेड़ा और आसपास के इलाकों में दबिश दी। छापेमारी के दौरान लगभग 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई, जबकि करीब 70 किलोग्राम लहन (कच्चा माल) मौके पर नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। आबकारी विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार और अभिषेक सिंह अपनी टीम के साथ शामिल रहे। वहीं पुलिस टीम में एसआई प्रदीप सिंह, संध्या पटेल और अनिरुद्ध मिश्रा मौजूद रहे।

# नगर निमग में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन 10 नवम्बर को महा आंदोलन की चेतावनी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम मुख्यालय पर कर्मचारियों का प्रदर्शन आज भी चल रहा है। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारी 17 अक्टूबर से प्रदर्शन कर रहे हैं। मांगें न पूरी होने पर 10 नंबर को महा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर नारेबाजी की। महासंघ के अनुसार, कर्मचारियों की 10 सूत्रीय मांग पिछले आठ वर्षों से नगर विकास विभाग में लंबित है। इनमें मुख्य रूप से अकेंद्रित कर्मचारियों की सेवा नियमावली और 31 दिसंबर 2001 तक दैनिक वेतन, संविदा तथा तदर्थ (धारा 108) पर कार्यरत कर्मचारियों का नियमितीकरण शामिल है। महासंघ ने बताया कि समय-समय पर मंत्री नगर विकास और प्रमुख सचिव स्तर पर कई महत्वपूर्ण बैठकें हो चुकी हैं। समाधान का आश्वासन दिया गया था लेकिन कोई ठोस कदम



नहीं उठाया गया। प्रदर्शन में शामिल संघ के प्रदेशाध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा ने बताया कि 17 अक्टूबर से धरना जारी है। 9 अक्टूबर गांधी प्रतिमा पर विशाल धरना प्रदर्शन किया था। जिसके माध्यम से मांगों के संबंध में सीएम योगी का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश किया, उसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। ज्ञापन के माध्यम से हमने चेतावनी दिया था कि 8 नवंबर तक अगर कोई बात नहीं बनी तो 10 नंबर से हम लोग पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन कार्य बंदी करेंगे। फिलहाल नगर निगम मुख्यालय पर कार्यदिवस में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धरना जारी है। जिसमें सभी इकाइयों से कम से कम पांच प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। प्रदेश के 17 नगर निगमों से जुड़े हजारों कर्मचारी इस आंदोलन से जुड़ने को तैयार हैं। पिछले दिनों आयोजित धरनों में वेतन, सेवा नियमावली , पुरानी पेंशन, पीएफ बकाया और स्थायी नौकरी की प्रमुख मांगे है। सुनवाई ना होने पर प्रदेश भर का कर्मचारी आक्रोश में है। उन्होंने कहा की विगत दोनों रक्षा मंत्री लखनऊ आए थे उनका भी ध्यान इस बात की ओर आकर्षित करवाया मगर उन्होंने भी कोई ध्यान नहीं दिया। महासंघ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि शासन स्तर पर तत्काल आदेश जारी करवाएं, वरना आंदोलन और तेज होगा। आंदोलन स्थानीय निकायों की सेवाओं पर असर डालेगा।

## मायावती ने खत्म की मंडलीय व्यवस्था, लागू किया नया जोनल सिस्टम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए मंडलीय व्यवस्था को खत्म कर जोनल व्यवस्था लागू कर दी है। नई व्यवस्था के तहत अब प्रदेश को कुल नौ जोन में बांटा गया है। हर दो मंडल को मिलाकर एक जोन बनाया गया है और प्रत्येक जोन में दो-दो प्रभारी नियुक्त किए गए हैं एक मुख्य प्रभारी और एक सहायक प्रभारी। बसपा की इस नई संगठनात्मक संरचना का उद्देश्य पार्टी के कार्यों को अधिक सशक्त और क्षेत्रीय स्तर पर प्रभावी बनाना है। मायावती के निर्देश पर जारी नई सूची के अनुसार, घनश्याम चंद्र खरवार को गोरखपुर, अयोध्या और लखनऊ जोन का मुख्य प्रभारी बनाया गया है। गया चरण दिनकर को प्रयागराज जोन का मुख्य प्रभारी तथा विजय प्रताप को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को मिर्ज़ापुर जोन का मुख्य प्रभारी और गुड्डू राम को सहायक प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। सूत्रों के अनुसार, बसपा नेतृत्व का मानना है कि नई जोनल व्यवस्था के तहत संगठन की निगरानी और समन्वय पहले से अधिक प्रभावी होगा।

# जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के ‘साउंड ऑफ दिवाली’ अभियान को मिला इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का प्रमाणपत्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी) को उसकी अभिनव और समावेशी पहल ‘साउंड ऑफ दिवाली’ के लिए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (आईबीआर) प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है। यह रिकॉर्ड दृष्टिबाधितों के लिए सबसे बड़े ऑडियो दिवाली ग्रीटिंग्स वितरण अभियान के रूप में दर्ज हुआ, जिसमें 7 शहरों के 800 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस पहल ने दिवाली को दृष्टिबाधित समुदाय के लिए भी वास्तव में समावेशी त्यौहार बनाने की दिशा में बैंक के नवाचारी और अभिनव दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया। इसके अलावा, विशेष रूप से तैयार साउंड ऑफ दिवाली वैन उत्तर प्रदेश भर में घूमी, जहाँ विज़िटर्स ने वर्चुअल



रियलिटी (वीआर) तकनीक के ज़रिए एक अनोखा अनुभव प्राप्त किया। प्रतिभागी जब वीआर ज़ोन में गए, तो उन्हें उम्मीद थी कि वे रंग-बिरंगी दिवाली देखेंगे, लेकिन सामने आई काली स्क्रीन और केवल उत्सव की ध्वनियां, जिससे उन्हें एहसास हुआ कि दृष्टिबाधित लोग दिवाली को कैसे महसूस करते हैं। इस अनुभव का गहरा संदेश था- कुछ लोगों के लिए दिवाली ऐसी होती है, खुशियों की आवाज़ तो सुनाई देती है, लेकिन रोशनी दिखाई नहीं देती। अंत में प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया कि वे किसी ऐसे व्यक्ति के लिए शुभकामना रिकॉर्ड करें, जो रोशनी नहीं देख सकता, ताकि वे एक सच्चे समावेशी उत्सव का हिस्सा बन सकें। उज्जीवन एसएफबी के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर लक्ष्मण वेलायुथम ने बताया ‘दिवाली रोशनी का पर्व है, लेकिन दृष्टिबाधित समुदाय के कई लोगों के लिए यह आवाज़ों और गर्मजोशी से महसूस किया जाने वाला त्यौहार है। ऑडियो-सक्षम साउंड दीयों से लेकर वीआर अनुभवों तक, हमारा उद्देश्य तकनीक के ज़रिए लोगों और समुदायों को करीब लाना था, ताकि हर कोई दिवाली की खुशी मना सके। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की यह मान्यता इस विश्वास को और मज़बूत करती है कि सच्ची समावेशिता विविधता को अपनाने से ही शुरू होती है। रिकॉर्ड किए गए साउंड दीयों को मिठाइयों और विशेष उज्जीवन-ब्रांडेड गिफ्ट बॉक्स (ब्रेल शुभकामनाओं सहित) के साथ दृष्टिबाधित व्यक्तियों और समुदायों तक पहुंचाया गया, जो अभियान में शामिल सभी शहरों में वितरित किए गए।

# बरेली में आठ दिसंबर से शुरु होगी सेना भर्ती रैली

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ/बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली में यूनिट हेडक्वार्टस कोटा (यूएचक्यू) के तहत अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समेन, संगीतकार (यंत्र बादक), अग्निवीर खिलाड़ी और अग्निवीर लिपिक पदों के लिये भर्ती रैली आठ दिसंबर से 16 दिसंबर तक जाट रेजिमेन्टल सेन्टर (जेआरसी) में आयोजित की जायेगी। सैन्य प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि यह भर्ती रैली युद्ध विधवाओं के पुत्रों, जाट रेजिमेन्ट के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिकों, युद्ध के दौरान शहीद एवं घायल सैनिकों के पुत्रों तथा सगे भाइयों के लिये आयोजित की जायेगी। इसके अतिरिक्त इस भर्ती रैली में अन्य रेजिमेन्टों के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिको, युद्ध के दौरान घायल सैनिकों के भाई, पुत्र तथा कानूनी रूप से गोद लिये हुए बच्चों सहित सर्वश्रेठ खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। उन्होने बताया कि अभ्यर्थियों को प्रारम्भिक जॉच के लिये सभी प्रमाण पत्र एवं दस्तावेजों के साथ प्रातः चार बजे भर्ती स्थल जाट रेजिमेन्टल सेन्टर के जाट गेट पर पहुंचना होगा । सात बजे के बाद आने वाले अभ्यर्थियों को भर्ती में सम्मिलित होने की अनुमति नही दी जायेगी। आठ दिसंबर को अग्निवीर स्पोर्ट्स और सामान्य ड्यूटी पद के लिये किसी भी राज्य के अभ्यर्थियों के लिए (उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा को छोड़कर) जिन खिलाडियों को खेल परीक्षण के दौरान चयनित किया गया था,रैली आयोजित की जायेगी जबकि नौ दिसंबर को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद हेतु हरियाणा के अम्बाला, भिवानी, फरीदाबाद, फतेहाबाद, गुडगाँव (गुरूग्राम), हिसार, रेवाडी, नूँह (मेवात), चरखी दादरी, झज्जर, जींद, कैथल, करनाल, कुरूक्षेत्र, महेंद्रगढ, पलवल, पंचकुला, पानीपत, रोहतक, सिरसा, सोनीपत और यमुनानगर के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित की जायेगी । प्रवक्ता ने बताया कि 11 दिसंबर को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिये उत्तर प्रदेश के आगरा, अलीगढ, इलाहाबाद, अंबेडकर नगर, अमेठी (छत्रपति शाहूजी महाराज नगर), अमरोहा (जे पी नगर), औरैया, आजमगढ, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जौनपुर, झांसी, कनौज, कानपुर नगर, कांशीराम नगर (कासगंज), कौशाम्बी, लखीमपुर खेरी, कुशीनगर (पडरौना), ललीतपुर, लखनऊ, महराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मेरठ, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फैजाबाद चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फैजाबाद, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतम बुद्ध नगर और 12 दिसंबर को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिये बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बदायूं, भदोही, बुलन्दषहर, मिर्ज़ापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फर नगर, जालौन, हापुर (पंचषील नगर), पिलीभीत, प्रतापगढ, रामपुर, रायबरेली, सहारनपुर, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, मथुरा, शामली (प्रभुद्ध नगर), श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी, कानपुर देहात, बिजनोर और सम्भल (भीम नगर) के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित की जायेगी।

# पढ़ा-लिखा स्नातक नौजवान भाजपा सरकार की नीतियों से काफी निराश हैं: डॉ0 राजपाल कश्यप

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर स्नातक एमएलसी चुनाव के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें समाजवादी पार्टी स्नातक एमएलसी प्रत्याशी कांति सिंह व समाजवादी शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी सुशील कुमार पटेल पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० राजपाल कश्यप ने कार्यकर्ताओं व प्रभारियों को संबोधित करते हुए स्नातक व शिक्षक वोट तेज गति से बनाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल ने स्नातक के 325 भरे हुए प्रत्याशी कांति सिंह को सौंपे। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा भरे हुए लगभग 300 फार्म जिलाध्यक्ष शराफत अली ने स्नातक एमएलसी प्रत्याशी कांति सिंह को सौंपे।



जिलाध्यक्ष शराफत अली ने कहा कि हरदोई समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी बड़ी संख्या में फार्म भर कर शीघ्र जमा करें जिससे स्नातक एमएलसी के मतदाता बनाएं जा सकें। सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० राजपाल कश्यप ने कहा कि प्रदेश का पढ़ा लिखा स्नातक नौजवान भाजपा सरकार की नीतियों से काफी निराश हैं बेरोजगार स्नातकों ने संकल्प लिया है कि स्नातक और शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी को चुनाव जिताकर भाजपा सरकार से बेरोजगारी का बदला लेंगे। सपा स्नातक एमएलसी प्रत्याशी श्रीमती कांति सिंह ने कहा कि मैं लगातार लखनऊ स्नातक खंड के सभी जिलों का भ्रमण करके स्नातक युवाओं से मुलाकात कर रही हूं समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ता पदाधिकारी और मेरे समर्थक तेजी से स्नातक फार्म भरकर वोट बनवाने के लिए फार्म जमा कर रहे हैं। सपा शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी सुशील कुमार पटेल ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का धन्यवाद करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है उसे पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करूंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की शिक्षक विरोधी नीतियों की वजह से सभी शिक्षक बहुत उदास निराश हताश हैं उन्होंने कहा कि शिक्षक खंड लखनऊ के समस्त जनपदों में शिक्षकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनने के साथ साथ शिक्षकों को मतदाता बनाने के लिए फार्म भरवा रहे हैं। पूर्व सांसद ऊषा वर्मा ने स्नातक और शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी को जिताने के संकल्प दिखाया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता हूं पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल ने कहा कि मेरे द्वारा करीब 800 फार्म स्नातक एमएलसी का मतदाता बनाने के लिए भरे जा चुके हैं उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं में भाजपा के प्रति काफी नाराजगी है उन्होंने कहा कि युवाओं में स्नातक मतदाता बनने के लिए काफी उत्साह है उन्होंने कहा कि लखनऊ खंड स्नातक व शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी का चुनाव जीतना तय है। बैठक में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी पंकज यादव, जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल राष्ट्रीय प्रवक्ता समाजवादी पार्टी, पूर्व प्रत्याशी बिलग्राम मल्लावां बृजेश वर्मा टिल्लू जिला उपाध्यक्ष अलंकार सिंह, डॉ० अरुण मौर्या, पूनम सरोज, अजयपाल सिंह, राहुल गुप्ता, धर्मवीर यादव, फूलचंद्र वर्मा, तिलकचंद्र वर्मा, चंद्रशेखर पाल, बिहारीलाल यादव, परिवेश श्रीवास्तव कुक्कू, अनिल यादव, सीमा यादव, अल्का दीक्षित, विप्र प्रधान पटेल, विजयबाबू बाजपेई, चंदन शुक्ला, अजबू यादव, संतोष वर्मा, सईद अहमद, रजनीश यादव, अनुराग यादव, चांद मियां, सुशील हंस, प्रदीप राजवंशी, विक्रम कुशवाहा, सहित समस्त प्रभारी मौजूद रहे।

# जिला कारागार का निरीक्षण किया गया

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई रीता कौशिक के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप द्वारा जिला कारागार हरदोई का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज द्वारा बताया गया कि ऐसे बंदी जो गरीब है और अपना प्राइवेट अधिवक्ता नही कर पा रहे है वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कारागार अधीक्षक के माध्यम से प्रार्थना पत्र दे सकते है प्राधिकरण द्वारा उनके मुकदमें की नि:शुल्क पैरवी हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगा। बंदियो से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी कर जेल प्रशासन को समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।





निरीक्षण के दौरान अधीक्षक अमन कुमार सिंह, जेलर योगेश कुमार, डिप्टी जेलर अनीश यादव, अमर कुमार सिंह, नरेश चन्द्र लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार मिश्र, अजय त्रिपाठी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी उपस्थित रहे।

# भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा देकर किया गया सम्मानित



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** गुरूवार को श्री चित्रगुप्त भवन में आयोजित भगवान चित्रगुप्त और कलम दवात की पूजा के उपलक्ष्य में सभी चित्रांश स्वजन ने उपस्थिति होकर पूरे हर्ष व उल्लास से भगवान चित्रगुप्त की एवं कलम दवात पूजा में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर जनपद हरदोई का एवं समाज का नाम रोशन करने वाली 2019 में खण्ड शिक्षा अधिकारी बनी शीतल श्रीवास्तव का माल्यार्पण कर एवं भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा देकर उनका सम्मान किया गया, साथ ही अध्यक्ष द्वारा संजीव श्रीवास्तव उर्फसंजू श्रीवास्तव को समाज का व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। बैठक में मुख्य रूप से अशोक श्रीवास्तव, डॉ० अजय अस्थाना, राजवर्धन श्रीवास्तव, धीरज अस्थाना, दिनेश अस्थाना, जे०पी० श्रीवास्तव, डॉ० एस०पी० अस्थाना, श्याम प्रकाश श्रीवास्तव, हरि प्रकाश श्रीवास्तव, नीलेश श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, ज्योति प्रकाश सिन्हा, वीरेश श्रीवास्तव, डॉ प्रांजल सक्सेना, गोपाल श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, कृपा शंकर श्रीवास्तव, आशीष अस्थाना, राजीव खरे, विवेक अस्थाना, मनोज अस्थाना, अविनाश श्रीवास्तव, प्रशांत अस्थाना, महेंद्र श्रीवास्तव, पंकज अस्थाना, राहुल श्रीवास्तव, अंशुल श्रीवास्तव, संगीता श्रीवास्तव, गीता श्रीवास्तव, निर्मला श्रीवास्तव, शीतल श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव सहित अन्य चित्रांश जन उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में उपस्थिति समस्त चित्रांश जन को बहुत बहुत आभार एवं साधुवाद, एवं आज किसी कारण से उपस्थिति न रहने वाले समस्त चित्रांश जन से अगली मीटिंग में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की।

# जन सुनवाई मे सुनी 73 शिकायतें

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान



जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 73 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# बंदर के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विकासखंड कछौना के कामीपुर



गांव में शुक्रवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब गांव की 55 वर्षीय महिला पर एक खूंखार बंदर ने हमला कर दिया और वह जान बचाने के लिए भागी व छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सभा कामीपुर के ओमप्रकाश की पत्नी रानी (55) शुक्रवार की सुबह अपने रोजमर्रा के काम निपटा रही थी! घटना के समय वह छत पर सफाई कर रही थी! इसी बीच एक बंदर ने उन्हें नोचने के नियत से दौड़ा लिया जिससे बचने के लिए वह भागी और कपड़ों में फंस कर छत से नीचे आंगन में जा गिरी! जिससे उनके सिरए हाथ व कमर में गंभीर चोटे आई हैं। महिला के चीखने.चिल्लाने पर घर.परिवार व मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और घायल महिला की हालत देखते हुए तुरंत बेहतर इलाज हरदोई ले गए! जहां पर उनका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है! डॉक्टरों ने महिला की स्थिति को खतरे से बाहर बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ महीनो से गांव में बंदरों के झुण्ड ने उत्पाद मचा रखा है जो महिलाओं और बच्चों पर तुरंत हमलावर हो जाते हैं! जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है! ग्रामीणों ने प्रशासन व वन विभाग से बंदरों को पकड़वाने की मांग की हैए ताकि किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके।

## मारपीट की घटनाओं में आरोपियों पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पिहानी थाना क्षेत्र में अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटरा बाजार निवासी अहमद पुत्र साहब अली के अनुसार 23 अक्टूबर की दोपहर करीब 2 बजे मोहल्ले के दबंग रिजवान पुत्र जहीर ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए आमादा मारपीट हो गया। थाना क्षेत्र के ग्राम दौंगल पुर निवासी उर्मिला पत्नी दीपू के अनुसार 22 अक्तूबर की रात 9 बजे परिवार के आकाश पुत्र चंद्रपाल ने शराब के नशे में अपने भाई लालबिहारी और मां के साथ उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से उसे मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट की दोनों घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवती लापता अज्ञात पर रिपोर्ट

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पिहानी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के घर से लापता होने के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार उसकी 18 वर्षीय पुत्री 18 अक्तूबर की दोपहर 3 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई।उसने और परिजनों ने सभी रिश्तेदारी में भी पता किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# मदारी पासी की प्रतिमा स्थापना की मांग,अखिल भारतीय पासी महासभा ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** अखिल भारतीय पासी महासभा ने शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025 को हरदोई कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। संगठन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जननायक मदारी पासी की प्रतिमा हरदोई में स्थापित करने की मांग की। मदारी पासी एका आंदोलन के प्रणेता और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। महासभा के प्रदेश महासचिव रामबाबू पासी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बंधिया (खजुरहरा) से एक शोभायात्रा और बाइक रैली निकाली गई। यह रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से लखनऊ चुंगी या सिनेमा चौराहा जैसे किसी प्रमुख स्थान पर प्रतिमा शीघ्र स्थापित करने का आग्रह किया। रामबाबू पासी ने बताया कि जननायक मदारी पासी का जन्म 1860 में हरदोई जिले की संडीला तहसील के ग्राम मोहनखेड़ा में हुआ था। उन्होंने ब्रिटिश शासन के अत्याचारों के खिलाफ किसानों को संगठित कर ष्एका आंदोलनष् की शुरुआत की थी, जिसने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महासभा ने बताया कि पिछले साल 24 अक्टूबर 2024 को भी तत्कालीन जिलाधिकारी को इसी मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। 31 अक्टूबर को हुई बैठक में प्रतिमा स्थापना पर सहमति बनी थी और नगर पालिका तथा मूर्तिकार से संबंधित प्रक्रियाएं भी पूरी कर ली गई थीं, लेकिन अब तक प्रतिमा स्थापित नहीं हो पाई है। महासभा ने इस देरी को समाज के प्रति उपेक्षा और असमानता बताया है। संगठन का कहना है कि जब अन्य महापुरुषों की प्रतिमाएं समय पर स्थापित हो सकती हैं, तो हरदोई के सपूत जननायक मदारी पासी को उनका उचित सम्मान क्यों नहीं मिल रहा। महासभा ने जिलाधिकारी से प्रतिमा स्थापना की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने की मांग की है। उनका मानना है कि इससे नई पीढ़ी को अपने इतिहास और स्थानीय नायकों से प्रेरणा मिलेगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में मिला युवक का शव

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगमपुर में दो दिन से लापता युवक का शव गाँव के बाहर बने एक कुएँ से बरामद हुआ। मृतक की पहचान अरविंद कुमार (35) पुत्र रामकिशोर राजपूत निवासी आगमपुर के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

■ दो दिन पूर्व से लापता था आगमपुर निवासी युवक

जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर की शाम अरविंद घर से सब्जी लेने निकला थाए लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों में खोजबीन कीए पर कोई पता नहीं चला। शुक्रवार दोपहर ग्रामीणों ने गाँव के बाहर कुछ दुरी पर स्थित कुएँ में एक शव तैरता हुआ देखा। सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएँ से बाहर निकलवाया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव मिलने की खबर फैलते ही पूरे गाँव में हड़कंप मच गया और सैकड़ों ग्रामीण मौके पर उमड़ पड़े। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो पुत्र और दो पुत्रियाँ हैं। परिजन मृत्यु को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई बताकर हत्या की आशंका जता रहे हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## किसान की तालाब में डूबकर मौत

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बिलग्राम थाना क्षेत्र के गनीपुर गांव में एक 50 वर्षीय किसान की तालाब में डूबने से मौत हो गई। शुक्रवार को किसान शौच के लिए घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने वीरेंद्र पुत्र अर्जुन लाल निवासी गनीपुर की काफी खोजबीन की। बाद में गांव के पास बने तालाब में उनका शव उतराया मिला। जब तक उन्हें तालाब से बाहर निकाला गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक वीरेंद्र खेती-किसानी का काम करते थे। वह अपने तीन भाइयों में सबसे बड़े थे और अविवाहित थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मर्चरी हाउस भेज दिया है।

## अमर क्रांतिकारी जयदेव कपूर की जयंती,श्रद्धांजलि अर्पित कर किए याद

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जिले के मंगलीपुरवा में 24 अक्टूबर 1907 को जन्मे जयदेव कपूर ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अंडमान की सेल्युलर जेल में अंग्रेजों की अमानवीय यातनाएं झेली, जिसमें प्रतिदिन 30 कोड़े मारना भी शामिल था।

जयदेव कपूर ने 8 अप्रैल 1929 को सेंट्रल असेंबली में बम फेंकने की योजना में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त को प्रवेश पास दिलाने में मदद की। इस घटना के बाद उन्हें गिरफ्तार कर कालापानी की सजा दी गई। जेल में अंग्रेजों के अत्याचारों का विरोध करते हुए उन्होंने जेलर को मुक्का मार दिया, जिसके कारण उन्हें प्रतिदिन कोड़े मारने की सजा मिली। देश की आजादी के बाद जयदेव कपूर सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे। उनका निधन वर्ष 1994 में हुआ। वर्ष 1996 में उनकी प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की गई थी, लेकिन यह कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। जयदेव कपूर के परिवार और समर्थक लगातार मांग कर रहे हैं कि उनकी प्रतिमा उसी शहीद पार्क में स्थापित की जाए, जहां भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद की मूर्तियां लगाई गई थीं। जयंती के अवसर पर हरदोई के लोगों ने इस सपूत को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उपस्थित लोगों ने कहा कि अब समय आ गया है कि उनके सम्मान में प्रतिमा स्थापित करने का वादा पूरा किया जाए।

## अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, पुलिस शिनाख्त में जुटी

**उन्नाव ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सिकंदर करन ब्लॉक क्षेत्र में शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। बदरका चौकी क्षेत्र में शुक्ला ढाबा के सामने एक गहरे गड्ढे में करीब 45 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ। घटना की जानकारी बदरका चौकी को मिली। सूचना मिलते ही बदरका चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण द्विवेदी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया। हालांकि, शव की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया।

# राजघाट व बेरियाघाट पर अस्थाई मेला चौकी स्थापित करें तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जल पुलिस की तैनाती की जाये: अनुनय झा

■ वाहनों के आने जाने का मार्ग निर्धारित करें तथा पार्किंग की व्यवस्था करायें: पुलिस अधीक्षक

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** तहसील बिलग्राम क्षेत्र के राजघाट एवं बेरियाघाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 1 नवम्बर से 05 नवम्बर 2025 तक आयोजित होने वाले मेले की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में एक बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी अधिशासी अभियंता शारदा नहर को निर्देश दिये कि राजघाट व बेरियाघाट पर अस्थाई मेला चौकी स्थापित करें तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जल पुलिस की तैनाती के साथ गंगा स्नान आदि के लिए सुरक्षित घाटों का निर्माण करायें तथा पीडब्लूडी मार्गो का गड्ढा मुक्त करायें।

बैठक में जिलाधिकारी ने एसडीएम बिलग्राम को निर्देश दिये दोनों मेलों में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनायें रखने के लिए राजस्व कर्मचारियों की चरणबद्व डियुटी लगायें तथा मेलों का सफल आयोजन कराना सुनिश्चि करें तथा मेलों में अराजक तत्वों पर निगरानी रखने हेतु सीसी टीवी कैमरें लगवायें। उन्होने अधिशासी अभियंता को दोनों मेलों विद्युत व्यवस्था सुचारू कराये तथा कर्मचारियों की डियुटी लगायें तथा डीएफओ मेलों क्षेत्रों में झाड़ियों आदि की सफाई करायें और दोनों मेलों में सफाई व्यवस्था बीडीओ द्वारा कराई जायेगी तथा पेयजल एवं मोबाइल शौचालय आदि व्यवस्थायें सम्बन्धित नगर पालिका द्वारा की जायेगी। डीएम ने अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को निर्देश दिये कि दोनों स्थानों पर मेलों में लगने वाली दुकानों पर स्वामी एवं कामगारों के नाम बोर्ड पर स्पष्ट अंकित करायें तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि राजघाट एवं बेरियाघाट पर श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को देखते हुए एम्बुलेंस के साथ महिला चिकित्सक सहित डाक्टरों की टीम लगाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी बिलग्राम को निर्देश दिये कि एआरटीओ एवं यातायात निरीक्षक से समन्वय बनाकर मेलों में आने वाले ई-रिक्शा आदि वाहनों के आने-जाने का मार्ग निर्धारित करें तथा पार्किंग की व्यवस्था करायें। उन्होने कहा कि मेलों में फायर सेफ्टी के साथ महिला सुरक्षा व खोया-पाया केन्द्र की स्थापना एवं नाविक व गोताफोरों की व्यवस्था रहेगी तथा मेलों में आतिशबाजी का आयोजन कराया जायेगा। अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## कर-करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा हुई बैठक

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में कर.करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। कर-करेत्तर की समीक्षा करते हुये उन्होंने खनन अधिकारी को कम राजस्व वसूली पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने आबकारी, स्टाम्प तथा नगरीय निकायों को निर्देश दिये कि सभी संबंधित विभाग के अधिकारी शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रतिमाह राजस्व वसूली करायें। जिलाधिकारी ने उपस्थित उप जिलाधिकारियों, को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली पर ध्यान दिया जाये। उन्होने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली न करने वाले अधिकारियों के विरूद्व कार्यवाही की जायेगी। राजस्व कार्यो की समीक्षा में जिलाधिकारी ने उपस्थित उप जिलाधिकारियोंए तहसीलदारों एव नायब तहलदारों को निर्देश दिये कि नियमित रूप से न्यायालय में बैठकर लम्बित वादो का निस्तारण त्वरित गति से करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी सहित सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# जश्ने गौसुल आजम का आयोजन, सूफी जाबिर अली ने दिया पैगाम

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** शहर में शुक्रवार को जश्ने गौसुल आजम का आयोजन किया गया। मोहल्ला खंजनपुरवा स्थित मोहम्मद फाजिल हाश्मी के आवास पर हुए इस कार्यक्रम में सूफी जाबिर अली ने औलिया की तालीमात पर चलने का पैगाम दिया। इस महफिल में बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूफी जाबिर अली ने की, जबकि संचालन हाफिज मुकीम ने किया। दरगाह हजरत सागर मियां के सज्जादानशीन मुईजउद्दीन अहमद सागरी चिश्ती मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने हजरत गौसुल आजम के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने इल्म, अमल और इंसानियत की खध्दिमत में अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने बताया कि औलिया-ए-किराम का मुख्य उद्देश्य समाज में मोहब्बत, अमन और भाईचारे को बढ़ावा देना है। उनकी राह इंसान को अल्लाह के करीब लाती है, दिलों को जोड़ती है और नफरतों को मिटाती है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में सूफी जाबिर अली ने कहा कि वर्तमान समय में जब समाज में बिखराव और नफरतें बढ़ रही हैं, तब औलिया की शिक्षाओं पर अमल करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि वालियों के बताए रास्ते पर चलकर समाज में अमन, इंसाफऔर भाईचारा कायम रखा जा सकता है। महफिल में मास्टर फैयाज, मोहम्मद आकिल, मोहम्मद वासिल, फय्याजउद्दीन, फरहान, मोहम्मद शुऐब, मेराज फैयाज और साकिब सैफी सहित कई नातख्वानों ने नअत, मनकबत और कलाम पेश किए। उनकी रूहानी आवाजों से पूरा माहौल श्या गौसुल आजम दस्तगीरश् के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में हिंदुस्तान में अमन, सलामती और इंसानियत की हिफाजत के लिए विशेष दुआ की गई। उपस्थित लोगों ने ऐसे आयोजनों को समाज में मोहब्बत और एकता का संदेश फैलाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

# शासन छठ महापर्व को लेकर अलर्ट,अधिकारियों ने शुक्लागंज घाटों पर व्यवस्थाएं परखीं

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**उन्नाव।** प्रशासन लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर पूरी तरह सतर्क हो गया है। शुक्रवार को एडीएम सुशील कुमार गोंड, एडीएम (विधेश), एसडीएम क्षितिज द्विवेदी और सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने शुक्लागंज क्षेत्र के विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान घाटों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। एडीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी समय पर पूरी करें। निरीक्षण के दौरान, सिंचाई विभाग के अभियंताओं को घाटों के आसपास जलस्तर की नियमित निगरानी करने और फिसलन वाले स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका को घाटों की लगातार सफाई और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। एडीएम सुशील कुमार गोंड ने बताया कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने गोताखोरों और जल पुलिस की टीमों को चौबीसों घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। एनडीआरएफऔर स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट किया गया है, और घाटों पर मेडिकल टीमें तैनात की जा रही हैं ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। घाटों पर महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की जा रही है और प्रत्येक घाट पर स्वयंसेवकों को तैनात किया जा रहा है। सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज ने बताया कि छठ पर्व में जिले भर से हजारों श्रद्धालु घाटों पर पहुंचते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होती है। इसलिए ट्रैफिक पुलिस को प्रमुख मार्गों पर यातायात सुचारु रखने और जाम न लगने देने के निर्देश दिए गए हैं। एडीएम ने सभी विभागों से कहा कि प्रशासन की ओर से तैयारियों की लगातार समीक्षा की जाएगी। किसी भी स्तर पर कोताही पाई गई तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# आत्मघात की नादानी

यह शर्मसार करने वाली बात है कि दिल्ली की गिनती दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में हो रही है। जहरीली हवा में सांस लेना मुश्किल होने पर श्वसनतंत्र के रोगियों को किस संत्रास से गुजरना पड़ा होगा, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। दिल्ली में एक्यूआई का स्तर पौने चार सौ के खतरनाक स्तर तक पहुंच जाना कई इंजनों वाली सरकारों और समाज की सामूहिक विफलता को ही दर्शाता है। बताते हैं कि दिल्ली की आबोहवा पिछले पांच सालों के सबसे खतरनाक स्तर तक जा पहुंची है। मजबूरी की स्थिति में दिल्ली सरकार को ग्रैप-2 की सख्त नीतियां लागू करनी पड़ी हैं। निस्संदेह, दिल्ली के प्रदूषण में अकेले पटाखों की ही भूमिका नहीं है, बल्कि लगातार बढ़ती आबादी का बोझ, हर साल बनने वाले एक लाख मकानों के निर्माण से फैलने वाला प्रदूषण तथा प्रतिवर्ष सड़कों पर उतरने वाली लाखों गाड़ियों का उत्सर्जन भी शामिल है। एक नागरिक के रूप में हमारा गैरजिम्मेदार व्यवहार इस संकट को बढ़ाने वाला है। हम कभी पराली जलाने और कभी पटाखे छोड़ने को इस संकट का कारण बताते हैं, लेकिन वास्तव में प्रदूषण के कारक हमारे तंत्र की नाकामी में हैं, जिसकी वजह से दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई तीन सौ पचास का आंकड़ा पार कर गया। दीपावली के बाद भी हवा का जहरीला बना रहना बेहद गंभीर विषय है। शायद वजह यह भी हो कि लोगों ने कुछ इलाकों में दो दिन दिवाली मनाई। लेकिन इस सारे प्रकरण में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कवायदें भी निष्फल ही नजर आईं। ग्रैप-2 का लागू होना स्थिति की गंभीरता को ही दर्शाता है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दिल्ली में सर्दियों की शुरुआत होने पर वायु गुणवत्ता का संकट गहराने लगता है। जो दिल्ली की दिवाली के बाद प्राणवायु को ही दमघोंटू बनाने लगता है। हर साल शीर्ष अदालत की सक्रियता और सरकारी घोषणाओं के बावजूद स्थिति नहीं सुधरती तो यह हमारी आपराधिक लापरवाही की परिणति भी है।

जहरीली हवा में सांस लेना मुश्किल होने पर श्वसनतंत्र के रोगियों को किस संत्रास से गुजरना पड़ा होगा, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। दिल्ली में एक्यूआई का स्तर पौने चार सौ के खतरनाक स्तर तक पहुंच जाना कई इंजनों वाली सरकारों और समाज की सामूहिक विफलता को ही दर्शाता है। बताते हैं कि दिल्ली की आबोहवा पिछले पांच सालों के सबसे खतरनाक स्तर तक जा पहुंची है। मजबूरी की स्थिति में दिल्ली सरकार को ग्रैप-2 की सख्त नीतियां लागू करनी पड़ी हैं। निस्संदेह, दिल्ली के प्रदूषण में अकेले पटाखों की ही भूमिका नहीं है, बल्कि लगातार बढ़ती आबादी का बोझ, हर साल बनने वाले एक लाख मकानों के निर्माण से फैलने वाला प्रदूषण तथा प्रतिवर्ष सड़कों पर उतरने वाली लाखों गाड़ियों का उत्सर्जन भी शामिल है।

बहरहाल, कतिपय सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सबल आग्रह के बाद भी सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में सिर्फ पर्यावरण को कम हानि पहुंचाने वाले ग्रीन पटाखों की अनुमति दी थी, लेकिन प्रदूषण का स्तर बता रहा है कि यह प्रयास विफल रहा है। लोगों ने ग्रीन पटाखों की आड़ में प्रदूषण फैलाने वाले पटाखे जमकर फोड़े हैं। जो लोगों के आत्मघाती व्यवहार का ही परिचायक है। वैसे पर्यावरणविदों का मानना है कि ग्रीन पटाखे प्रदूषण नहीं फैलाते, यह सोच तार्किक नहीं है। दिल्ली में प्रदूषण की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस तर्क से सहमत हुआ जा सकता है। अंदाजा लगाना कठिन नहीं है कि बच्चों और बुजुर्गों पर इस संकट का कितना नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा होगा। देश में लाखों लोग श्वास संबंधी रोगों के कारण जीवन गंवा रहे हैं। सवाल यह है कि इस संकट को दूर करने के लिए, जो ग्रैप-2 सिस्टम लागू किया जाता है, क्या उसे इस संकट के हर साल आने की स्थिति को देखते हुए पहले से नहीं लागू किया जा सकता? धूल को उड़ने से रोकने और हवा में प्रदूषण कम करने के लिए पानी का छिड़काव क्या शेष महीनों में नहीं किया जाता? अब ट्रैफिक को नियंत्रित करने की बात की जा रही है ताकि सिग्नल पर गाड़ियां ज्यादा देर खड़ी न हों, जिससे प्रदूषण अधिक नहीं हो। आखिर क्यों हम सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त नहीं करते ताकि सड़कों पर निजी वाहनों की संख्या को कम किया जा सके? कहा जा रहा है कि इलेक्ट्रिक वाहन भी प्रदूषण की दृष्टि से निरापद नहीं हैं। सीएनजी गाड़ियों को प्रोत्साहन को लेकर भी बड़े नीतिगत सुधार नहीं किए जा सके हैं। इसके बावजूद, सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब तक लोगों को यह अहसास नहीं होगा कि त्योहार के नाम पर जमकर जहरीले पटाखे छुड़ाना एक आत्मघाती कदम है, तब तक कोर्ट और सरकार के प्रयास विफल ही साबित होंगे। इसके लिए देश के राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों को साझी पहल करनी होगी।

# बच्चों से भीख मंगवाना एक सामाजिक अपराध

डॉ प्रियंका सौरभ

किसी के भी जीवन की सबसे अमूल्य संपत्ति बचपन है। खेलना, पढ़ना, सीखना और सुरक्षित वातावरण में बड़े होना, हर बच्चे का अधिकार है। लेकिन बच्चों का शोषण, भीख मंगवाने के लिए उनका इस्तेमाल और उनकी मासूमियत का लाभ उठाना आज गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है। भीख मंगवाना व्यक्तिगत समस्या नहीं है; यह एक व्यवस्थित व्यवसाय बन चुका है। छोटे-बड़े शहरों में यह आम दृश्य है कि मासूम बच्चे हाथ में थाली, कपड़े या किसी वस्तु के साथ चलते हैं और लोग उनके मासूम चेहरों पर दया दिखा कर पैसे डाल देते हैं। यह न केवल बच्चों के बचपन को छीनता है, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से भी प्रभावित करता है। समाज की जागरूकता की कमी, लोगों का दया भाव और कुछ परिवारों की आर्थिक मजबूरी मिलकर इस समस्या को बढ़ावा देते हैं। यह सिर्फ गरीबी का नतीजा नहीं बल्कि बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन भी है। बचपन किसी भी मानव जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील हिस्सा होता है। यह वह समय है जब बच्चे सीखते हैं, अनुभव प्राप्त करते हैं और अपनी पहचान बनाते हैं। लेकिन जब बच्चों को भीख मंगवाने या किसी अन्य शोषण के लिए मजबूर किया जाता है, तो उनका विकास बाधित होता है। भीख मंगवाना कभी-कभी आर्थिक मजबूरी का नतीजा हो सकता है, लेकिन जब यह नियमित रूप से होता है और बच्चे को मजबूर किया जाता है, तो यह शोषण बन जाता है। मासूमियत का फायदा उठाकर बच्चों से पैसे कमाना एक नैतिक अपराध है। समाज की भूमिका यहां महत्वपूर्ण बन जाती है। लोग यह सोचकर पैसा देते हैं कि वे मदद कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे बच्चों के शोषण को प्रोत्साहित कर रहे हैं। माता-पिता और परिवार की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने बच्चों को इस तरह की गतिविधियों से बचाएं। भारत में बाल श्रम और बच्चों से भीख मंगवाने को रोकने के लिए कई कानून हैं। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम बच्चों को मजदूरी और शोषण से बचाने के लिए बनाया गया है। इसके अलावा, चाइल्डलाइन 1098 जैसी सेवाएँ 24ब7 बच्चों की मदद के लिए उपलब्ध हैं। एनजीओ और सामाजिक संगठन भी सक्रिय रूप से बच्चों को शोषण से बचाने और उन्हें शिक्षा उपलब्ध कराने का काम कर रहे हैं। लेकिन वास्तविक चुनौती यह है कि कई बार बच्चे और उनके माता-पिता कानूनी संरचना से अनजान रहते हैं और शोषण नेटवर्क इतने संगठित होते हैं कि उन्हें पकड़ना मुश्किल होता है। सरकार और समाज को मिलकर बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलानी होगी और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना होगा। समाज का दया भाव और सहानुभूति अक्सर बच्चों के शोषण का कारण बन जाती है। अगर लोग बच्चों को भीख देने के बजाय सही तरीके से मदद करें, तो वे शोषण को बढ़ने से रोक सकते हैं। स्थानीय समुदाय, स्कूल, माता-पिता और पड़ोसी मिलकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। बच्चों को सुरक्षित वातावरण, शिक्षा और खेलकूद का अवसर देना उनके विकास के लिए जरूरी है। समाज को यह समझना होगा कि केवल पैसे देना बच्चों की मदद नहीं है। सही कार्रवाई, जैसे एनजीओ, चाइल्ड लाइन और सामाजिक संस्थाओं को सूचित करना ही बच्चों को शोषण से बचा सकती है। भीख मंगवाना कई जगहों पर आर्थिक व्यवसाय बन चुका है। कुछ परिवार और नेटवर्क मासूम बच्चों को इस्तेमाल करके पूरे दिन हजारों रुपये कमाते हैं। यह सिर्फ बच्चों की मासूमियत का फायदा उठाना नहीं है, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रभावित करना भी है। पैसा देने वाले लोग यह सोचते हैं कि वे दया कर रहे हैं लेकिन असल में वे इस प्रणाली को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। यह एक चक्र बन जाता है, जिसमें बच्चों का शोषण जारी रहता है। बच्चों के भविष्य और समाज की नैतिक जिम्मेदारी के लिहाज से यह गंभीर समस्या है। इस समस्या का समाधान समाज, सरकार और नागरिकों के मिलकर काम करने में है। बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा के लिए कदम उठाना जरूरी है। पैसे देने की बजाय मदद करें। बच्चों को भीख देने के बजाय उन्हें शिक्षा, खेल और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाएं। बच्चों की सुरक्षा के लिए चाइल्ड लाइन (1098) और मान्यता प्राप्त एनजीओ से संपर्क करें। समाज में बच्चों के अधिकारों और शोषण की समस्या के बारे में जागरूकता बढ़ाएं। स्कूल, माता-पिता और पड़ोसी मिलकर बच्चों के सुरक्षित वातावरण को सुनिश्चित करें। सिर्फ दया भाव या छोटे पैसों से बच्चों की मदद नहीं होगी। सही कार्रवाई, जागरूकता और कानूनी उपाय ही उन्हें बचा सकते हैं। समाज, सरकार और नागरिकों के मिलकर सही कदम उठाने से ही इस समस्या का समाधान संभव है। जागरूकता, शिक्षा और सहयोग से ही हम बच्चों को उनका बचपन वापस दिला सकते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रख सकते हैं।

भीख मंगवाना व्यक्तिगत समस्या नहीं है; यह एक व्यवस्थित व्यवसाय बन चुका है। छोटे-बड़े शहरों में यह आम दृश्य है कि मासूम बच्चे हाथ में थाली, कपड़े या किसी वस्तु के साथ चलते हैं और लोग उनके मासूम चेहरों पर दया दिखा कर पैसे डाल देते हैं। यह न केवल बच्चों के बचपन को छीनता है, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से भी प्रभावित करता है। समाज की जागरूकता की कमी, लोगों का दया भाव और कुछ परिवारों की आर्थिक मजबूरी मिलकर इस समस्या को बढ़ावा देते हैं। यह सिर्फ गरीबी का नतीजा नहीं बल्कि बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन भी है। बचपन किसी भी मानव जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील हिस्सा होता है। यह वह समय है जब बच्चे सीखते हैं, अनुभव प्राप्त करते हैं और अपनी पहचान बनाते हैं। लेकिन जब बच्चों को भीख मंगवाने या किसी अन्य शोषण के लिए मजबूर किया जाता है, तो उनका विकास बाधित होता है। भीख मंगवाना कभी-कभी आर्थिक मजबूरी का नतीजा हो सकता है, लेकिन जब यह नियमित रूप से होता है और बच्चे को मजबूर किया जाता है, तो यह शोषण बन जाता है। मासूमियत का फायदा उठाकर बच्चों से पैसे कमाना एक नैतिक अपराध है। समाज की भूमिका यहां महत्वपूर्ण बन जाती है। लोग यह सोचकर पैसा देते हैं कि वे मदद कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे बच्चों के शोषण को प्रोत्साहित कर रहे हैं। माता-पिता और परिवार की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने बच्चों को इस तरह की गतिविधियों से बचाएं।

# छठ महापर्वः प्रकृति, पवित्रता और प्रार्थना का अनूठा लोकपर्व

छठ महापर्व (25-28 अक्तूबर) पर विशेष

योगेश कुमार गोयल

आस्था और निष्ठा का अनुपम लोकपर्व 'छठ' उत्तर भारत, विशेषकर बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाने वाला सूर्योपासना का महापर्व है। यह पर्व सूर्य, उनकी पत्नी उषा तथा प्रत्यूषा, प्रकृति, जल, वायु और सूर्य की बहन छठी मैया को समर्पित है। उषा तथा प्रत्यूषा को सूर्य की शक्तियों का मुख्य स्रोत माना गया है, इसीलिए छठ पर्व में सूर्य तथा छठी मैया के साथ इन दोनों शक्तियों की भी आराधना की जाती है। षष्ठी देवी को ही छठ मैया कहा गया है, जो निःसंतानों को संतान देती हैं और संतानों की रक्षा कर उन्हें दीर्घायु बनाती हैं। पुराणों में षष्ठी देवी का एक नाम कात्यायनी भी है, जिनकी पूजा नवरात्र में षष्ठी को होती है। माना जाता है कि छठ पर्व में सूर्य की उपासना करने से छठी माता प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-समृद्धि, रोगमुक्ति, सम्पन्नता और मनोवांछित फल प्रदान करती हैं। इस साल 25 अक्तूबर से नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान के साथ कार्तिक छठ पर्व की शुरूआत हो रही है। इस दिन छठ व्रती नियम-धर्म से सात्विक भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण करेंगे। छठी मइया को ध्यान कर छठ पूजा 2025 का संकल्प नहाय-खाय पर ही लेने का विधान है। इस दिन छठी मइया और आदित्य देव के लिए गीत गाकर उनका आह्वान किए जाने की परंपरा है। 26 अक्तूबर को खरना है। इस दिन छठ व्रती पूरी निष्ठा से छठी मइया को खीर का प्रसाद बनाकर भोग लगाती हैं। लोहंडा का यह प्रसाद घर-परिवार और पास-पड़ोस में जनमानस को ग्रहण कराने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि खरना का प्रसाद ग्रहण करने से जीवन के सारे दूख दूर होते हैं। छठी मइया व्रती की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। 27 अक्तूबर को अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को संध्याकालीन अर्घ्य अर्पण किया जाएगा। इस दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ व्रती अपने परिवार की सुख-समृद्धि और संतति वृद्धि की कामना आदित्य देव से करते हैं। ऐसी मान्यता है कि ढ़लते सूरज को जल चढ़ाने से भगवान दिनकर छठ व्रती को भर-भरकर आशीष देते हैं। 28 अक्तूबर को उदीयमान सूर्य को प्रातःकालीन अर्ध्य दिया जाना है। इस दिन दीनानाथ के उगते स्वरूप का दर्शन कर छठ व्रती खुशहाली की कामना करती हैं। परिवार के लोग भी छठ व्रती को सामने से दूध-जल का अर्ध्य अपर्ण कर अपनी निष्ठा प्रकट करते हैं। छठी मइया से मंगलकामनाएं की जाती हैं। छठ पूजा का प्रसाद छठ घाट पर ही ग्रहण करने का विधान है। अंतिम चरण में छठ व्रती पारण कर चार दिवसीय छठ पर्व का अनुष्ठान समाप्त करती हैं। नियम, संयम और तपस्या का महापर्व छठ चार दिनों तक चलता है लेकिन इसकी तैयारी कई सप्ताह पहले ही शुरू हो जाती है। षष्ठी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व की शुरूआत मूल रूप से बिहार और पूर्वांचल से हुई मानी जाती है लेकिन अब यह न केवल भारत के अलग-अलग राज्यों में बल्कि विदेशों में भी मनाया जाने लगा है और बिहार तथा पूर्वांचल के ही नहीं, अन्य क्षेत्रों के बहुत से लोग भी अब छठ पर्व के प्रति आस्थावान होकर यह व्रत करने लगे हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य देवता की बहन छठी मैया संतानों की रक्षा कर उन्हें लंबी आयु प्रदान करती हैं। प्रातःकाल में सूर्य की पहली किरण (उषा) और सायंकाल में सूर्य की अंतिम किरण (प्रत्यूषा) को अर्ध्य देकर दोनों को नमन किया जाता है। सूर्योपासना का महापर्व छठ कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है, इसीलिए इसे छठ कहा जाता है। इस चार दिवसीय उत्सव की शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के दिन 'नहाय खाय' से होती है, अगले दिन 'खरना' होता है, तीसरे दिन छठ का प्रसाद तैयार किया जाता है और स्नान कर अस्त होते सूर्य को अर्ध्य दिया जाता है, सप्तमी को चौथे और अंतिम दिन उगते सूर्य की पूजा-आराधना के साथ इस महापर्व का समापन होता है। छठ पर्व के प्रसाद में प्रायः चावल के लड्डू बनाए जाते हैं और बांस की टोकरी में प्रसाद तथा फल सजाकर इस टोकरी की पूजा की जाती है। व्रत रखने वाली महिलाएं सूर्य को अर्ध्य देने तथा पूजा के लिए तालाब, नदी अथवा घाट पर जाकर स्नान कर डूबते हुए सूर्य की पूजा करती हैं और अगले दिन सूर्योदय के समय सूर्य को अर्ध्य देकर पूजा करने के पश्चात प्रसाद बांटकर छठ पूजा का समापन होता है। सही मायनों में यह महापर्व जीवनदायी सूर्यदेव के प्रति आभार प्रकट करने का महापर्व है। छठ महापर्व की शुरूआत को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी मान्यता है कि लोक मातृका षष्ठी की पहली पूजा सूर्यदेव ने ही की थी। सूर्य को ज्योतिष विधा में सभी ग्रहों का अधिपति माना गया है। इसीलिए मान्यता है कि यदि समस्त ग्रहों को प्रसन्न करने के बजाय केवल सूर्यदेव की ही आराधना की जाए तो कई लाभ मिल सकते हैं। माना जाता है कि सर्वप्रथम महाबली कर्ण ने ही सूर्यदेव की पूजा शुरू की थी और आज भी छठ पर्व में सूर्य को अर्ध्य देने का विशेष महत्व है। सूर्यपुत्र कर्ण तो भगवान सूर्य के परम भक्त थे, जो प्रतिदिन घंटों तक कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्ध्य दिया करते थे। सूर्यदेव की कृपा से ही वे महान योद्धा बने थे। एक मान्यता यह भी है कि देवमाता अदिति ने प्रथम देवासुर संग्राम में असुरों से देवताओं के हार जाने पर तेजस्वी पुत्र की प्राप्ति के लिए देवारण्य के देव सूर्य मंदिर में छठी मैया की आराधना की थी। छठी मैया ने उनकी आराधना से प्रसन्न होकर उन्हें सर्वगुण सम्पन्न तेजस्वी पुत्र को जन्म देने का वरदान दिया, जिसके बाद अदिति ने त्रिदेव रूप आदित्य भगवान को जन्म दिया, जिन्होंने देवताओं को असुरों पर विजय दिलाई। कहा जाता है कि तभी से छठ पर्व मनाए जाने का चलन शुरू हो गया। इस पर्व को लेकर कुछ मान्यताएं महाभारत काल से भी जुड़ी हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार पाण्डव जब अपना सारा राजपाट जुए में हार गए थे, तब श्रीकृष्ण के निर्देशानुसार द्रोपदी ने छठ व्रत रखा और छठी मैया के आशीर्वाद से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर पाण्डवों को राजपाट वापस मिला। पाण्डवों की पत्नी द्रोपदी द्वारा परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना और लंबी आयु के लिए नियमित रूप से सूर्य की पूजा करने का उल्लेख भी मिलता है। छठ पूजा के अवसर पर नदियों, तालाबों इत्यादि के किनारे पूजा की जाती है, जिससे लोगों को इन जलस्रोतों के आसपास साफ-सफाई रखने की प्रेरणा मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार छठ पूजा साफ-सुथरी नदी, तालाबों या अन्य जलस्रोतों के किनारे की जाती है, इसीलिए पूजा से पहले इन जलस्रोतों के आसपास पूरी साफ-सफाई करने का विधान है। यह महापर्व नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने का प्रेरणा देता है, इसीलिए इसे सर्वाधिक पर्यावरण अनुकूल हिन्दू त्यौहार माना जाता है।

26 अक्तूबर को खरना है। इस दिन छठ व्रती पूरी निष्ठा से छठी मइया को खीर का प्रसाद बनाकर भोग लगाती हैं। लोहंडा का यह प्रसाद घर-परिवार और पास-पड़ोस में जनमानस को ग्रहण कराने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि खरना का प्रसाद ग्रहण करने से जीवन के सारे दूख दूर होते हैं। छठी मइया व्रती की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंसा और इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी आर्मी

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

बांग्लादेश में हाल के वर्षों में हिंसा और अस्थिरता का एक नया रूप उभरकर सामने आया है, जिसकी सबसे स्पष्ट पहचान इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी आर्मी (आईआरए) से होती है। यह संगठन एक कट्टरवादी समूह तो है ही, अब राजनीतिक सत्ता और सामाजिक नियंत्रण का उपकरण बन चुका है। यूनुस प्रशासन के इशारे पर इसका गठन और प्रशिक्षण किया जा रहा है। वरिष्ठ सलाहकार आसिफ महमूद शोजिब भुयान ने स्वीकार किया है कि लगभग 8,850 युवाओं को सात शिविरों में हथियार, ताइक्वांडो और सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, इस संगठन को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और जमात-ए-इस्लामी का समर्थन प्राप्त है। इसका उद्देश्य केवल (इस्लाम) मजहबी जागरूकता नहीं, बल्कि हिंसा, भय और गैर-मुस्लिमों पर राजनीतिक प्रभुत्व स्थापित करना है। आईआरए के उदय से स्पष्ट होता है कि बांग्लादेश दक्षिण एशिया में इस्लामिक मजहबी कट्टरता और आतंकवाद का संभावित केंद्र बनता जा रहा है। इसका निशाना विशेषकर हिंदू, बौद्ध और ईसाई अल्पसंख्यक समुदाय हैं। जिसकी पुष्टि हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता परिषद की जुलाई 2025 की रिपोर्ट करती है। इसके अनुसार पिछले 11 महीनों में लगभग 2,442 सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएँ हुईं, जिनमें मंदिरों को जलाना, घरों को लूटना और महिलाओं पर यौन हिंसा शामिल है। अगस्त 2024 के पहले दो हफ्तों में सत्ता परिवर्तन के दौरान पुलिस निष्क्रिय रही और भीड़ बेखौफ हुई, जिससे हमलों की संख्या चरम पर पहुंच गई। मानवाधिकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि हिंसा का सबसे बड़ा शिकार महिलाएँ और बच्चे हैं। बांग्लादेश अल्पसंख्यक मानवाधिकार कांग्रेस के अनुसार, 2025 की पहली तिमाही में यौन हिंसा के 342 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 87 प्रतिशत पीड़ित 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियाँ थीं। यह सिर्फ अपराध नहीं, बल्कि संगठित प्रयास है, जो गैर-मुस्लिम समुदायों में भय पैदा कर उन्हें देश छोड़ने के लिए मजबूर कर रहा है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने भी स्वीकार किया है कि हिंदुओं के घर जलाए जा रहे हैं, मंदिरों को नुकसान पहुँचाया जा रहा है, और धार्मिक स्वतंत्रता का गला घोंटा जा रहा है। यहां ये तथ्य भी गौर करने योग्य है कि 1951 में बांग्लादेश में हिंदू आबादी लगभग 22 प्रतिशत थी, जो अब घटकर केवल 7.95 प्रतिशत रह गई है। बौद्ध और ईसाई क्रमशः 0.6 और 0.3 प्रतिशत पर सिमट गए हैं। इसके विपरीत, भारत में मुसलमानों की जनसंख्या बढ़ी और उन्हें समान नागरिक अधिकार और सामाजिक-आर्थिक अवसर मिले। यह स्पष्ट करता है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को व्यवस्थित रूप से दबाया गया है और आईआरए जैसी कट्टरवादी संरचनाएँ इसका नेतृत्व कर रही हैं। इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी आर्मी का फोकस केवल बांग्लादेश तक सीमित नहीं है। भारतीय एजेंसियों के अनुसार, उनका असली निशाना भारत है। जमात-ए-इस्लामी के नेताओं ने घोषणा की है कि उनके पास 50 लाख युवा हैं जो गजवा-ए-हिंद के तहत भारत के खिलाफ संघर्ष के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान और यूनुस प्रशासन के बीच समुद्री संपर्क ने हथियारों की सप्लाई आसान कर दी है, जिससे पूर्वोत्तर भारत के लिए नई सुरक्षा चुनौतियाँ उत्पन्न हुई हैं। यदि यह सिलसिला जारी रहा, तो बांग्लादेश जल्दी ही एक फ़ेल्ड स्टेट बन सकता है और दक्षिण एशिया में आतंकवाद का नया अड्डा बन सकता है। यह हिंसा वैचारिक त्रासदी की ओर भी इशारा करती है। यदि इस्लाम शांति का धर्म है, तो बार-बार इसके नाम पर हिंसा, नफरत और दमन क्यों बढ़ रहे हैं यह सवाल धर्म की आलोचना नहीं, बल्कि उस सोच की पड़ताल है जिसने धर्म को सत्ता का औजार बना दिया है। जब धार्मिक चेतना का उद्देश्य आत्मशुद्धि से हटकर राजनीतिक प्रभुत्व बन जाए, तब वह समाज और मानवता के लिए खतरा बन जाती है। बांग्लादेश में यही खतरा अब वास्तविकता बन चुका है। बुद्धिजीवी और अन्य लोग, जो इस्लाम को अहिंसक मानते हैं, उन्हें खुलकर इसका विरोध करना चाहिए। यहां आज इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी आर्मी जैसी हिंसक गतिविधियाँ स्पष्ट करती हैं कि राजनीतिक इस्लाम का लक्ष्य केवल आस्था नहीं, बल्कि सत्ता और सामाजिक नियंत्रण है। इतिहास में मुस्लिम बहुसंख्यक देशों में गैर-मुस्लिमों के दमन को सत्ता संरचना का हिस्सा बनाया गया। यही प्रक्रिया अब यूनुस शासन में देखने को मिल रही है। गहराई से समझे इसे; बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह केवल धार्मिक उग्रवाद नहीं है, बल्कि व्यापक सामाजिक विघटन और राजनीतिक इस्लाम का चरम रूप है। सत्ता पूरी तरह इस्लामिक बन चुकी है, और गैर-मुस्लिम समुदाय इसके सबसे पहले शिकार हैं। नजीह आयूबी की पुस्तक Political Islam: Religion and Politics in the Arab World इस विषय पर महत्वपूर्ण संदर्भ देती है। इसमें राजनीतिक इस्लाम के इतिहास, सिद्धांत और प्रभाव की व्यापक व्याख्या की गई है। हालांकि ब्रिटानिका में भी राजनीतिक इस्लाम पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध है, जो इसका इतिहास, सिद्धांत और प्रभाव समझाती हैं। इनके साथ ही इतिहासकार एवं लेखक शंकर शंरण की भी अनेक पुस्तकें एवं लेख उपलब्ध हैं, जो इस्लाम के राजनीतिक संदर्भों को समझाते हैं। वस्तुतः राजनीतिक इस्लाम एक ऐसी धार्मिक-राजनीतिक विचारधारा है जो इस्लाम को शासन और समाज की सभी गतिविधियों में केंद्रीय मानती है। यह अस्थिर सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों में तेजी से प्रभावी होता है और अपने मजहबी आधार का व्यापक प्रयोग करता है। आयुबी का तर्क है कि राजनीतिक इस्लाम आधुनिक आंदोलन है, जिसकी शुरुआत पहले विश्व युद्ध के बाद हुई। इसके नेतृत्व में युवा, शिक्षित और शहरी लोग शामिल रहे हैं। मौजूदा राजनीतिक इस्लाम पहले की तुलना में अधिक मजहब आधारित है और इसका लक्ष्य शासन को (धार्मिक) मजहबी बनाना है। यह आंदोलन राज्य व्यवस्था, सामाजिक मानदंड और राजनीति के बीच नई संरचना स्थापित करने का प्रयास करता है। राजनीति को धर्म के अधीन करने के इस प्रयास ने समाज और राजनीति दोनों पर गहरा प्रभाव डाला है। कहना होगा कि जब धर्म का उपयोग सत्ता और प्रभुत्व के साधन के रूप में किया जाता है और संयम और करुणा से हट जाता है, तब यह सभ्यता की सबसे बड़ी विफलता बन जाता है। आज बांग्लादेश इसी विफलता की कहानी बनता जा रहा है। यदि इसे रोका नहीं गया तो आने वाले दशक में वहाँ से फैलने वाली नफरत की लहर पूरे दक्षिण एशिया को प्रभावित कर सकती है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय और इस्लामिक जगत के बुद्धिजीवियों को समझना होगा कि यदि इस वैचारिक हिंसा के खिलाफ आवाज नहीं उठाई गई, तो यह आग सबकुछ जला देगी। भारत, नेपाल और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों को खासकर आज अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है।

आईआरए के उदय से स्पष्ट होता है कि बांग्लादेश दक्षिण एशिया में इस्लामिक मजहबी कट्टरता और आतंकवाद का संभावित केंद्र बनता जा रहा है। इसका निशाना विशेषकर हिंदू, बौद्ध और ईसाई अल्पसंख्यक समुदाय हैं। जिसकी पुष्टि हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता परिषद की जुलाई 2025 की रिपोर्ट करती है। इसके अनुसार पिछले 11 महीनों में लगभग 2,442 सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएँ हुईं, जिनमें मंदिरों को जलाना, घरों को लूटना और महिलाओं पर यौन हिंसा शामिल है। अगस्त 2024 के पहले दो हफ्तों में सत्ता परिवर्तन के दौरान पुलिस निष्क्रिय रही और भीड़ बेखौफ हुई, जिससे हमलों की संख्या चरम पर पहुंच गई। मानवाधिकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि हिंसा का सबसे बड़ा शिकार महिलाएँ और बच्चे हैं। बांग्लादेश अल्पसंख्यक मानवाधिकार कांग्रेस के अनुसार, 2025 की पहली तिमाही में यौन हिंसा के 342 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 87 प्रतिशत पीड़ित 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियाँ थीं।

# बहन की हत्या का आरोपी निकला सगा भाई

● 24 घंटे में बांगरमऊ पुलिस ने किया सनसनीखेज खुलासा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ (उन्नाव)। कोतवाली क्षेत्र के गांव चिंगरपुरवा में किशोरी की हत्या का मामला चौंकाने वाला मोड़ ले आया है। जिस युवक पर हत्या का आरोप लगाया गया था, वह निर्दोष निकला, जबकि मृतका का सगा भाई ही हत्यारा पाया गया। पुलिस ने आरोपी अंकित (19) को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

गुरुवार सुबह गांव के बाहर खेत में एक 16 वर्षीय किशोरी का खून से लथपथ शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतका की पहचान गांव निवासी युवती के रूप में हुई। बुआ के बयान पर गांव के ही युवक राजेश पुत्र गुड्डू के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। शुरुआत में परिजनों और ग्रामीणों ने भी राजेश पर शक जताया। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन फरार होने पर उसकी मां को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। तभी तकनीकी साक्ष्य और मोबाइल डेटा ने पुलिस को नई दिशा दी।

जांच में सामने आया कि मृतका बीते कुछ दिनों से मोबाइल पर एक युवक से बातचीत कर रही थी। यह बात उसके भाई अंकित को नागवार गुज़री। कई बार समझाने के बाद भी जब बहन ने बात नहीं मानी तो उसने परिवार की बदनामी के डर से हत्या की योजना बना ली। घटना वाले दिन अंकित ने बहन को बातचीत के बहाने खेत में बुलाया। वहीं दोनों के बीच विवाद हुआ और गुस्से में उसने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई।

सीओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मोबाइल कॉल डिटेल्स और लोकेशन से पूरा राज खुल गया। पूछताछ में आरोपी अंकित ने जुर्म कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया गया है।

ख्रआरोपी ने स्वीकार किया है कि उसे बहन का मोबाइल पर किसी युवक से बात करना पसंद नहीं था। गुस्से में उसने हत्या कर दी। आरोपी को न्यायालय भेजा गया है,ङ्क बांगरमऊ सीओ संतोष कुमार सिंह।

पुलिस के अनुसार मृतका की बुआ द्वारा दिया गया प्रारंभिक बयान भ्रमित करने वाला था। उसी आधार पर राजेश पर आरोप लगा। बाद में साक्ष्य जुटने पर पूरा मामला पलट गया और असली हत्यारा सामने आ गया। एसपी जय प्रकाश सिंह के निर्देशन में गठित तीन टीमों ने लगातार 24 घंटे में साक्ष्य जुटाकर केस का खुलासा किया। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि उलझे हुए साक्ष्यों के बीच आरोपी तक पहुंचना टीम के लिए बड़ी चुनौती थी। ग्रामीणों के अनुसार मृतका का परिवार मेहनतकश और सीधा-सादा है। पिता खेती-किसानी करते हैं और परिवार में पांच सदस्य हैं। घटना के बाद गांव में मातम छाया हुआ है। हर कोई यही कह रहा है कि ख्रजिस भाई पर भरोसा था, वही जान का दुश्मन बन गया।

## सैनिक बन्धु की बैठक 29 को

बांदा। जिला सैनिक कलयाण एवं पुर्नवास अधिकरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के भूतपूर्व सैनिकों, एवं उनके आश्रितों के लिए जिला सैनिक बन्धु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 29 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को अपराह्न 05.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार बाँदा में आयोजित की जाऐगी। उन्होंने जनपद के समस्त भूतपूर्व सैनिकों / उनकी विधवाओं और सेवारत सैनिको से अनुरोध किया जाता है कि शिकायतो के निस्तारण हेतु अपने-अपने प्रार्थना पत्र तीन प्रतियों में दिनांक 27 अक्टूबर 2025 (सोमवार) सांय 05 बजे तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय बांदा में जमा करना सुनिश्चित करें । न्यायालय से सम्बंधित एवं न्यायालय में लम्बित मामलो / शिकायतो को उक्त बैठक में प्रस्तुत न किया जाए । जनपद के भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रित 29 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को अपराह्न 05.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार बाँदा में स्वयं उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से अवगत कराये एवं बैठक में समय से भाग लेना सुनिश्चित करे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

● छात्र अनस कक्षा दसवीं ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज बांदा में सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 24 अक्टूबर 2025 को आयोजित चित्रकला पोस्टर प्रतियोगिता में अनस कक्षा 10 के छात्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । मंडलीय मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा डा. पीयूष मिश्र ने बताया की दिनांक 6 अक्टूबर 2025 से माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के क्रम में दिनांकवार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा था जिसके क्रम में दिनांक 24 अक्टूबर 2025 को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज बांदा में किया गया जिसमें विभिन्न सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित पोस्टरों का प्रदर्शन छात्रों द्वारा किया गया जिसमें सर्वश्रेष्ठ पोस्टर बनाने वाले छात्र अनस को प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया उपस्थित छात्रों को डा. पीयूष मिश्र द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के विषय में विस्तार से बताया गया तथा सभी छात्रों से अपील की कि नाबालिक अवस्था में कोई भी छात्र वाहन लेकर विद्यालय परिसर में ना आए तथा एक नोडल छात्र के रूप में कार्य करते हुए बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले लोगों को यातायात नियमों से जागरूक करें इस अवसर पर प्रधानाचार्य धर्मराज ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया तथा अपील की कि एक श्रेष्ठ नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करें तथा एक श्रेष्ठ मददगार के रूप में घायलों की मदद भी करें अंत में मंडलीय मास्टर ट्रेनर डा. पीयूष मिश्र द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# जानलेवा हमला करने वाले तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। एसपी के निर्देश पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा पीएसी के सिपाही पर जानलेवा हमला करने वाले उसके पारिवारिक/पड़ोसी 03 अभियुक्तों को सूचना के 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना तिन्दवारी क्षेत्र के ग्राम परसौड़ा के रहने वाले शिवशरन पुत्र भवन ने 23 अक्टूबर 25 को थाना तिन्दवारी पर सूचना दी कि उनके पुत्र सुनील जो प्रयागराज में पीएसी में सिपाही के पद पर तैनात है, को उनके ही पारिवारिक व पड़ोसी लोगों नें धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर गम्भीर रुप से चोट पहुंचा दिया है । जिसके सम्बन्ध में थाना तिन्दवारी पर अभियोग पंजीकृत करते हुए सूचना के 24 घंटे के भीतर घटना को अंजाम देने वाले 03 अभियुक्तों को ग्राम गोखरही से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों में दिव्यांश उर्फ छुटकू पुत्र देवराज निवासी परसौड़ा थाना तिन्दवारी जनपद बांदा ,आशीष पुत्र देवराज निवासी निवासी परसौड़ा थाना तिन्दवारी जनपद बांदा व बलबीर उर्फ बबलू पुत्र श्रीपाल निवासी निवासी परसौड़ा थाना तिन्दवारी जनपद बांदा शामिल हैं।

## रक्तवीरों ने चार जरूरतमंदों को रक्तदान कर बचाई जान

बांदा। सेवर्स आफ लाइफ संस्था ए ब्लड डोनेशन नेटवर्क जो 8 वर्षों से निरंतर रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों,रक्त के जरूरतमंदों के लिए कार्य करती है के द्वारा प्रतिदिन जरूरतमंदों को रक्तवीरों के रक्त उपलब्ध करा कर उनकी जान बचाने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में आज चार जरूरतमंदों को रक्तवीरों ने क्रमशः अमित साहू, हिमांशु गुप्ता,मिथुन पुरुषवानी, रईस अंसारी ने रक्तदान कर जीवनदान देने का कार्य किया है। संस्था के अध्यक्ष सलमान खान,सलाहकार/मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने रक्त वीरों को हृदय से बधाई दी है और इस नेक काम के लिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है वह निरंतर इस प्रकार की मानव सेवा के कार्यों में योगदान कर सफलता की ओर अग्रसर रहें ऐसी हम सभी कामना करते हैं। हमारी संस्था सभी लोगों से अपील करती है कि जरूरतमंदों को रक्तदान कर उनको जीवन दान देने का कार्य करें।

# आत्ममंथन' की ज्योति से आलोकित निरंकारी

● संत समागम की तैयारियाँ समापन की ओर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में 78वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर, 2025 तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में अद्भुत दिव्यता और भव्यता के साथ आयोजित होने जा रहा है। आत्मीयता के इस उत्सव में देश-विदेश से असंख्य श्रद्धालु भाग लेकर आनंद का अनुभव प्राप्त करेंगे। श्रद्धा, समर्पण के साथ हज़ारों श्रद्धालुजन अपने-अपने क्षेत्रों से आकर पूर्ण तन्मयता और समर्पण भाव के साथ दिन रात सेवाओं में रत हैं; जिससे यह आयोजन अपनी अंतिम तैयारियों की ओर अग्रसर है। यह जानकारी जोनल इंचार्ज डॉ दर्शन सिंह जी द्वारा दी गई।

यह समागम केवल एक धार्मिक या वार्षिक आयोजन नहीं, अपितु ज्ञान, प्रेम और भक्ति का ऐसा पावन संगम है, जो ब्रह्मज्ञान द्वारा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनता है। यहाँ श्रद्धालु न केवल आध्यात्मिक जागृति पाते हैं, बल्कि मानवता, विश्वबंधुत्व और आपसी सौहार्द की भावनाओं को भी आत्मसात करते हैं। यह आयोजन 'आत्ममंथन' की वह दिव्य भूमि है, जहाँ प्रत्येक साधक अपने अंतर्मन में झाँकने, आत्मचिंतन करने और आत्मिक चेतना को जागृत करने की प्रेरणा प्राप्त करता है। यह सम्पूर्ण आयोजन सतगुरु माता जी की दिव्य प्रेरणा और आशीर्वाद से संचालित हो रहा है। सतगुरु की यही मंगलकामना रहती है कि हर श्रद्धालु इस समागम में प्रेम, सम्मान और समुचित सुविधा का अनुभव करते हुए आध्यात्मिक रूप से परिपूर्ण हो। संत निरंकारी मंडल के सचिव श्री जोगिंदर सुखीजा के अनुसार एक समय पर जो स्थल केवल एक सामान्य मैदान था, वह अब संतो की कर्मठ सेवा भावना के कारण एक भव्य शामियानों की सुंदर नगरी में परिवर्तित हो चुका है। यह दिव्य वातावरण प्रत्येक आगंतुक को अपनी ओर आकर्षित करता है। समागम स्थल को एक दिव्य नगरी का रूप दिया गया है। विशाल पंडालों में भक्तों के लिए सुव्यवस्थित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। समागम मंच पर हो रहे प्रेरणादायक प्रवचन, भावपूर्ण भजन और विचारों को समूचे परिसर में और अधिक प्रभावी रूप से दर्शाने हेतु समूचे परिसर में अत्याधुनिक एल.ई.डी. स्क्रीन स्थापित की जा रही हैं, जिससे दूरस्थ स्थानों पर बैठे श्रद्धालु भी उसी भाव, ऊर्जा और अनुभूति से सत्संग का लाभ प्राप्त कर सकें। पूरे समागम परिसर को चार प्रमुख खंडों में विभाजित किया गया है, जिससे संचालन, आवागमन और सुविधाओं का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। पिछले वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष भी मुंबई के श्रद्धालु भक्तों द्वारा निर्मित मुख्य स्वागत द्वार अपनी कलात्मक भव्यता के साथ समागम की आध्यात्मिक रूपरेखा का प्रतिबिंब बनकर उभरा है।

# देव दीपावली पर 5100 दीपों से आलोकित हुआ बरम बाबा मंदिर परिसर



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। विकास खण्ड हसनगंज की ग्राम पंचायत सिंघनापुर के राजस्व ग्राम करसेमऊ स्थित बरम बाबा मंदिर परिसर में शुक्रवार की रात अद्भुत आस्था और संस्कारों का संगम देखने को मिला। सामाजिक संस्था नवयुग जन चेतना सेवा संस्थान द्वारा गायत्री परिवार के आचार्य परमानन्द महाराज की टोली के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच 5100 दीपक प्रज्वलित कर सामूहिक देव दीपावली मनाई गई।

इस आयोजन का उद्देश्य समाज में नशा, अशिक्षा, दहेज प्रथा, अंधविश्वास और पाखंड जैसी कुरीतियों के प्रति जनमानस को जागरूक करना तथा संस्कारों के दीप प्रज्वलित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अरुण दीक्षित (प्रतिनिधि, विधायक मोहान ब्रजेश रावत) एवं ग्राम प्रधान तारावती ने संयुक्त रूप से देव पूजन कर प्रथम दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर ग्राम भिखारीखेड़ा, करसेमऊ, सिंघनापुर, बगहरी, नारायणपुर, सनदाना आदि आधा दर्जन गांवों के लगभग तीन सौ से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में संजय सोनी (ग्राम प्रधान प्रतिनिधि), विनोद कुमार, वेद पाल, ठाकुर प्रसाद, रीना, नीलम, रूपा, श्यामू, करुणा, शंकर मौर्य, राधेश्याम तिवारी, राम प्रकाश शुक्ला, शुभम, राजोल और हर्षित पाल सहित लखनऊ विधानसभा से प्रतिवेदन अधिकारी दिनेश पाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उक्त जानकारी संस्था के संस्थापक अध्यक्ष पुत्तन लाल पाल ने दी।

## छठ पूजा की तैयारियों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

शुक्लागंज (उन्नाव)। छठ पूजा को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से शुक्रवार दोपहर करीब बारह बजे प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने गंगा घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम सुशील कुमार, एडीएम नमामि गंगे विद्येश, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, सिंचाई विभाग के एक्सईएन गगन, पालिका के जेई घनश्याम तथा एसबीएम प्रभारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने घाटों की स्थिति का जायजा लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। एडीएम सुशील कुमार ने भीड़ नियंत्रण हेतु घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए और कहा कि चौपहिया वाहनों को घाटों से दूर खड़ा कराया जाएगा। वहीं एसडीएम क्षितिज द्विवेदी ने पालिका प्रशासन को घाटों की साफ-सफाई, समतलीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त लाइट व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस बार मिश्रा कॉलोनी से लेकर पुराने यातायात पुल तक कटान के कारण जगह सीमित हो गई है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

# अपने देश में बने उत्पादों को अपने और अपने देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करें : मोहित गुप्ता

● भाजयूमो के युवा सम्मेलन का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




बांदा। शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा मंडपम मैरिज हाल बांदा में आत्मनिर्भर भारत हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी के निमित्त युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र सेंगर एमएलसी विशिष्ट अतिथि रामकिशोर साहू जिला प्रभारी भाजपा बांदा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत इस कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता युवा मोर्चा बांदा के जिला अध्यक्ष मोहित गुप्ता ने की। जितेंद्र सेंगर ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत की बागडोर इस समय ऐसे नेता के हाथ में है जिसने अपनी क्षमता से भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रहे हैं , संबोधित करते हुए यह भी कहा जब हम स्वदेशी अपनाते हैं तो हम देश की मिट्टी से जुड़ते हैं अपने लोगों के श्रम को सम्मान देते हैं और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हैं ।उन्होंने सभी युवा साथियों को स्वदेशी अपनाने की अपील की, विशिष्ट अतिथि राम किशोर साहू जी ने कहा कि हमें विदेशी वस्तुओं को अपनाने की बजाए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना चाहिए जिससे हमारा भारत आत्मनिर्भर बनेगा और दुनिया में उसका मान बढेगा जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कल्लू राजपूत ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री ने आवाह्न किया है कि लोकल फार वोकल जैसे अभियान इसी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं स्वदेशी स्वभाषा और स्वाभूषा तीनों मिलकर हमें याद दिला रहे हैं कि हमारी शक्ति हमारी संस्कृति और हमारी उद्योग कुशलता ही हमें आत्मनिर्भर भारत की ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहित गुप्ता ने अपने युवा साथियों से कहा कि हम अपने देश में बने उत्पादों को अपने और अपने देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करें हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी हमारा मंत्र है हमारा लक्ष्य है और यही हमारी शक्ति है कार्यक्रम में संदीप द्विवेदी नवनीत गुप्ता विवेक त्रिपाठी देवानंद द्विवेदी सूरज दिनकर देवेश मोनू पुष्पेंद्र गौर अंकित बासु आशीष पटेल संदीप सिंह मंडल अध्यक्ष यशराज गुप्ता सतेंद्र सिंह हिमांशु सिंह राहुल भाऊ नीरज पांडे शशांक लखेरा नारायण त्रिवेदी विष्णु कंात गुप्ता बीरेंद्र चंदेल लक्ष्मीनारायण शुक्ला धीरज गुप्ता आशीष सिंह सत्यदेव सिंह सहित सैकड़ों युवा साथी कार्यकर्ता उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक धीरेंद्र सिंह धीरू व आभार योगराज तिवारी ने किया।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्राओं ने सीखी आत्मरक्षा की तकनीकें

पुरवा(उन्नाव)। नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत विकास क्षेत्र हिलौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय भवानीगंज में शुक्रवार को छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना मौरावां की टीम ने उपनिरीक्षक कृष्ण चंद मोहन सक्सेना के निर्देशन में किया। इस दौरान महिला आरक्षी अनुसुइया एवं जवान सुरेंद्र यादव ने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्व के साथ-साथ आपातकालीन सेवाओं, वीमेन पावर लाइन, एम्बुलेंस सेवा आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

भारतीय रेल

"सार्वजनिक सूचना"

रेलवे एवं परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड 2x25 केवी सब-सेक्शनिंग एवं पैरेललिंग पोस्ट, हरौनी को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख को और उस तारीख से 2x25 केवी सब-सेक्शनिंग एवं पैरेललिंग पोस्ट को सभी समय हमेशा के लिए विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति 2x25 केवी सब-सेक्शनिंग एवं पैरेललिंग पोस्ट के समीप दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

| सेक्शन (खण्ड) | मण्डल (डिवीजन) | दिनांक |
| --- | --- | --- |
| कानपुर-लखनऊ खंड में गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ाने के कार्य के संबंध में, 2x25 केवी एटी फीडिंग प्रणाली हेतु संबद्ध उपकरणों सहित 2x25 केवी सब-सेक्शनिंग एवं पैरेललिंग पोस्ट, हरौनी (रेलवे स्थान संख्या किलोमीटर 22/9-10, चैनिज 22/284.000) को ऊर्जीकृत किए जाने के संबंध में। | लखनऊ | 27.10.2025 |

उप मुख्य विद्युत अभियंता(निर्माण)
उ.रे., लखनऊ

3318/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी.एस. उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
| --- | --- |
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उरे0-मण्डल-वाणिज्य/उरे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-RBL-TW-173-25-1 (Parking Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.11.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-BOY-MX-167-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.11.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.11.2025 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-LLJ-MX-146-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.11.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.11.2025 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-BOY-MX-168-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.11.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.11.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-LKO-TW-174-25-1 (Parking Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.11.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 08.11.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3311/25

# चाइनीज़ मांझे ने फिर ली एक युवक की जान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर। जनपद के रोजा थाना क्षेत्र में चाइनीज मांझा ने एक और युवक की जान ले ली। तेज़ धार वाले इस मांझे से एक युवक की गर्दन कट जाने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। यह पहली बार नहीं है — इससे पहले भी एक पुलिसकर्मी सहित कई मासूमों की ज़िंदगियाँ इसी जानलेवा धागे ने निगल ली हैं। लेकिन अफ़सोस, हालात आज भी वही हैं। पोस्टमॉर्टम के बाद जब शव गांव पहुँचा, तो पूरे गांव में हाहाकार मच गया। चारों ओर चीख-पुकार गूंज उठी, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। हर किसी की ज़ुबान पर बस एक ही सवाल था — ख्रआख़िर इस मौत का ज़िम्मेदार कौन? रवि कुमार शर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी जाजू नगला थाना कांठ के युवक की मौत हुई, उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। माता-पिता की आँखों में आंसू हैं, घर में सन्नाटा है, और सवाल यह कि ख्रहमारा कसूर क्या था? पर किसी के पास इसका जवाब नहीं। समाज कुछ क्षणों के लिए सहानुभूति जताता है, नेता संवेदनाएँ प्रकट करते हैं, और फिर सबकुछ सामान्य हो जाता है। मीडिया के दबाव में पुलिस कभी-कभी कार्रवाई कर चाइनीज़ मांझे के गट्ठर ज़ब्त कर लेती है, पर जैसे ही व्यापारियों के नेता सामने आते हैं, आवाज़ें बदल जाती हैं। ख्रव्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा हैङ्क के नारे गूंजने लगते हैं, और आरोपी फिर से छूट जाते हैं।

जिले में जैसे ही नया अधिकारी आता है, नेता गुलदस्ता भेंट करने के लिए तैयार खड़े रहते हैं। नेता जी और उनके समर्थक भूल जाते हैं कि इन धागों से सिर्फ पतंग नहीं उड़ती — ज़िंदगियाँ भी कटती हैं। उन्हें सही और गलत का एहसास शायद तभी होगा, जब यह मौत का मांझा उनके अपने किसी प्रियजन को छू जाएगा। अब समय है कि समाज जागे। प्रशासन सख्ती से ऐसे खतरनाक मांझे पर रोक लगाए, और जनता भी ऐसे उत्पादों का बहिष्कार करे। वरना हर बार हादसे के बाद केवल मातम और मोमबत्तियाँ ही बचेंगी।

## पारिवारिक कलह में युवक व वृद्ध ने निगला जहर, रेफर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सफीपुर (उन्नाव)। पारिवारिक विवाद के चलते दो अलग-अलग गांवों में एक युवक और एक वृद्ध ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। दोनों की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के ककरौरा गांव निवासी जयप्रकाश (32) पुत्र राजनरायण और नैनीखेड़ा गांव के 65 वर्षीय राजेंद्र लोध ने परिजनों से विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में दोनों को सीएचसी सफीपुर लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया।

# ऑपरेशन के बाद बुजुर्ग की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांगरमऊ (उन्नाव)। थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के एक गांव निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग की कानपुर के निजी अस्पताल में आंत के ऑपरेशन के बाद मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। बुजुर्ग को गुरुवार देर रात बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, मटुकरी गांव निवासी रामदास (65) पुत्र फकीरे को पिछले कई दिनों से पेट दर्द और आंत में अवरोध की समस्या थी। जांच में पता चला कि उनकी आंत सड़ चुकी थी, जिसके चलते लगभग 15 दिन पहले कानपुर के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराया गया था।

परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन के बाद से ही रामदास की हालत बिगड़ती चली गई। गुरुवार रात करीब 9 बजे जब स्थिति नाजुक हुई तो परिजन उन्हें बांगरमऊ सीएचसी लेकर पहुंचे। वहां डॉ. पीयूष मिश्रा ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि ऑपरेशन सफल नहीं हुआ था और संक्रमण (इन्फेक्शन) के कारण मौत हुई है। इसके बाद परिजनों ने कानपुर के निजी अस्पताल पर ऑपरेशन में लापरवाही बरतने और उचित इलाज न करने का आरोप लगाया। मृतक रामदास के दो पुत्र संदीप कुमार व कुलदीप तथा एक विवाहित पुत्री है। परिवार में मातम का माहौल है। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को नानामऊ के गंगा तट पर अंतिम संस्कार किया गया।

# सीएम के संभावित आगमन को लेकर तैयारियां तेज

## अफसरों ने लिया तैयारियों का जायजा

- कबीरधाम आश्रम मुस्तफाबाद में कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित जनपद भ्रमण को लेकर लखीमपुर खीरी में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। सीएम का 27 अक्टूबर को जनपद आगमन संभावित है, जिसके मद्देनज़र शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीडीओ अभिषेक कुमार, एसपी संकल्प शर्मा, विधायक अमन गिरि, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, नगर पालिका परिषद गोला चेयरमैन विजय शुक्ला 'रिंकू' शुक्रवार को कबीरधाम आश्रम मुस्तफाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, सेफ हाउस, पार्किंग, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था की बिंदुवार समीक्षा की। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मौके पर संबंधित विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, मंच और बैठक व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। वहीं संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

एसपी संकल्प शर्मा ने सुरक्षा के दृष्टिगत रूट डायवर्जन, हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक की व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और पुलिस बल की तैनाती की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ड्यूटी प्वाइंट पर पुलिस कर्मियों की स्पष्ट जिम्मेदारी तय की जाए ताकि कार्यक्रम के दौरान कोई व्यवधान न उत्पन्न हो। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर स्थल का पैदल भ्रमण कर प्रत्येक बिंदु का निरीक्षण किया। विधायक अमन गिरि और चेयरमैन विजय शुक्ला 'रिंकू' ने आयोजन समिति के साथ मिलकर आवश्यक व्यवस्थाओं पर सुझाव दिए। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता,पीडी एसएन चौरसिया, एएसपी अमित राय, जिला अग्निशमन अधिकारी, सीओ रमेश कुमार तिवारी सहित आयोजन समिति के सदस्य, जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### गोला गोकर्णनाथ में ट्रेन से कटकर गोवंश की मौत, बजरंग दल ने उठाई कार्रवाई की मांग

गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज चीनी मिलकर निकट रेलवे क्रॉसिंग के पास एक गोवंश की ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने मौके पर पहुच कर ग्राम विकास अधिकारी ललित वर्मा को घटना की सूचना देते हुए मृत गोवंश का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराने की बात कही। जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार गोवंश संरक्षण के लिए हर माह करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, इसके बावजूद आए दिन सड़कों पर आवारा घूम रहे गो-वंशों की मौतें हो रही हैं। उन्होंने नगर पालिका और ब्लॉक प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जब सरकार गौशालाओं के नाम पर इतनी बड़ी धनराशि दे रही है, तो यह समझ से परे है कि गोवंश सड़कों पर क्यों भटक रहे हैं। अनूप गुप्ता ने आरोप लगाया कि गौशालाओं की धनराशि कागज़ों पर खर्च दिखाकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। संबंधित अधिकारियों को जांच के दायरे में लाया जाना चाहिए जिससे सड़कों पर घूम रहे गोवंशों को सुरक्षित गौशालाओं में रखे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

# सात दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव के दूसरे दिन लायंस क्लब के आयोजन में गौ स्वास्थ्य हुआ परीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। धर्मादा समिति गौशाला के सत्रहवें गोपाष्टमी महोत्सव के दूसरे दिन लायंस क्लब गोला के द्वारा गौ स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक शारदा कश्यप ,विशिष्ट अतिथि उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 अमित कात्यायन के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि शारदा कश्यप ने कहा कि गौ माता की सेवा करने का सौभाग्य शतकर्मों से मिलता है। विशिष्ट अतिथि उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी अमित कात्यायन ने कहा कि कहा कि गौशाला की सभी 109 गायो के स्वास्थ्य परीक्षण में स्वस्थ पाई गई। उन्होंने कहा कि गौ माता को समय समय पर कीडों की दवाई देते रहना चाहिए साथ ही साल में दो बार खुरपका व मुँहपका के टीके लगाना चाहिए तथा साल में एक बार गलाघोंटू व लम्पी के टीके भी लगाना चाहिए। इसके साथ स्वच्छता के साथ हरा चारा गौ माता को स्वस्थ रखता है। गोपाष्टमी महोत्सव के आयोजक/नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने मुख्य अतिथि शारदा कश्यप , समाजसेवी विमल गुप्ता को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट सम्मानित करते हुए कहा कि गौ माता में तैतीस कोटि देवताओं का वास होता है इसलिए गौ माता के आशीर्वाद से सभी मनोरथ पूर्ण हो जाते है। इसलिए यथासंभव गौ सेवा अवश्य करनी चाहिए।

इस अवसर पर अध्यक्ष लायंस क्लब संजय बंशल, सचिव नीरज गुप्ता, अतुल अग्रवाल,ललित विश्वास, श्याम राजपूत, राहुल गुप्ता,शिव गोपाल गुप्ता, राजेश पाण्डेय, तरुण शारदा, राजेन्द्र सोनी,राम अवतार यादव,मनोज सक्सेना, धीरज बाजपेयी, रविन्द्र कटियार, श्याम सिंह कुशवाहा, विमलेश वर्मा, विजय मिश्रा, लवकुश अवस्थी, शत्रोहन मिश्रा सहित अनेक गौ सेवक मौजूद रहे।

# थाना हैदराबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 15 वारंटी गिरफ्तार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अज़ान खीरी। थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में गोला के प्रभारी निरीक्षक की टीम ने हैदराबाद पुलिस के साथ मिलकर 15 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रामसागर पुत्र प्यारेलाल, अशोक कुमार पुत्र बब्बूलाल, राहुल कुमार पुत्र बब्बूलाल, रमेशचंद्र पुत्र बनवारीलाल, नरेश पुत्र परवीन लाल, मोहन पुत्र ओम प्रकाश, अनुप कुमार पुत्र तेजराम, दिलीप कुमार पुत्र रामजी प्रसाद, अवधेश पुत्र महेश कुमार, बब्लू पुत्र दिलीप कुमार, संजय पुत्र हेमराज, सतीश कुमार पुत्र छोटेलाल, रामचंद्र पुत्र मिलन लाल, सुधीर कुमार पुत्र नंदलाल और गंगा राम पुत्र तिलकराम शामिल हैं।

इन अभियुक्तों को संबंधित वारंट में गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई के लिए माननीय न्यायालय खीरी के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस टीम ने बताया कि इन अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न थानों में मामले दर्ज थे और वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी की इस कार्रवाई से पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है और क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

# गौसेवा ही सच्ची सेवा : भवानी शंकर माहेश्वरी

- नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी के पति ने कान्हा गौशाला में की पूजा-अर्चना, गायों को खिलाया चना-गुड़, दी फल-सब्जियां

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मैलानी खीरी। नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी के पति एवं समाजसेवी भवानी शंकर माहेश्वरी ने शुक्रवार को नगर की कान्हा गौशाला पहुंचकर गौमाताओं की सेवा व पूजा-अर्चना की। उनका यह मानवीय और धार्मिक कार्य देखकर मौजूद लोगों के चेहरे श्रद्धा से खिल उठे। गौशाला पहुंचते ही भवानी शंकर माहेश्वरी ने सबसे पहले गौमाताओं के चरणों में शीश नवाया, उन्हें तिलक-वंदन किया, चुनरी ओढ़ाई और आरती उतारी। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद गायों, बछड़ों और बैलों को चना, गुड़ और फल-सब्जियां खिलाईं। पूरे वातावरण में ‟जय गौमाता” के जयकारे गूंज उठे और गौसेवा का यह दृश्य देखने वाले हर व्यक्ति का हृदय श्रद्धा से भर गया। भवानी शंकर माहेश्वरी ने इस अवसर पर कहा गौमाता हमारे जीवन, संस्कृति और सनातन धर्म की आत्मा हैं। उनकी सेवा करना मानव जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है। यदि हर व्यक्ति प्रतिदिन एक गाय को भी अन्न या पानी दे, तो समाज में सुख-शांति और समृद्धि स्वतः बढ़ेगी। उन्होंने गौशाला में उपस्थित कर्मचारियों और गौसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि जो लोग निःस्वार्थ भाव से गौमाता की सेवा में लगे हैं, वे वास्तव में समाज के सच्चे पूजनीय हैं। गौशाला प्रबंधन ने भवानी शंकर माहेश्वरी को ‟गौसेवा सम्मान” स्वरूप प्रतीक चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया। स्थानीय नागरिकों और

कार्यकर्ताओं ने भी उनके इस प्रयास को प्रेरणादायक बताया और कहा कि उनकी यह पहल समाज में पशु सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य करेगी। अंत में श्री माहेश्वरी ने सभी से अपील की कि गौमाता के संरक्षण, पालन और सेवा के लिए आगे आएं, क्योंकि ‟गौसेवा ही सच्ची सेवा और जनसेवा का आधार है।

### जनता की सेवा ही हमारा धर्म है : भवानी शंकर माहेश्वरी



मैलानी खीरी। नगर पंचायत मैलानी के वार्ड नंबर 2 निवासी राजू रिक्शावाले, जो दीपावली से कुछ दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल हो गए थे, शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष पति भवानी शंकर माहेश्वरी ने उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान श्री माहेश्वरी ने राजू की कुशलक्षेम जानी और उपचार हेतु 5000 रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने आश्वस्त किया कि राजू के पूर्ण स्वस्थ होने तक हर संभव मदद की जाएगी। घायल राजू ने सहायता राशि प्राप्त करते हुए भावुक होकर कहा कि संकट के समय इस तरह का सहयोग बहुत बड़ा सहारा होता है। उन्होंने भवानी शंकर माहेश्वरी के इस मानवीय कदम के लिए हृदय से धन्यवाद दिया। भवानी शंकर माहेश्वरी ने कहा कि जनता ही जनार्दन है। जनता की सेवा करना ही हमारा धर्म और कर्तव्य है। किसी जरूरतमंद तक मदद पहुँचाना मानवता की सच्ची पूजा है। इस मौके पर क्षेत्र के कई सभासदों, समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों ने भी उपस्थित होकर श्री माहेश्वरी के इस सामाजिक पहल की सराहना की।

# रा0कि0म0 संगठन के स्थापना दिवस की जयंती समारोह 26 को

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। देश का प्रथम एमएसपी आंदोलन की शुरुआत व राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की 26 अक्टूबर को पूरनपुर में होने वाले स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर भारी संख्या में पहुंचेंगे किसान।

संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी कुमार दीक्षित द्वारा जारी प्रेस विज्ञापन में बताया गया की राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की स्थापना सरदार वीएम सिंह जी के द्वारा आज के 25 वर्ष पूर्व की गई थी और न्यूनतम समर्थन मूल्य की पहली लड़ाई पूरनपुर पीलीभीत से शुरू की गई थी जिस आंदोलन में पीलीभीत से लखीमपुर तक समस्त यातायात बंद थे यहां तक किसानों ने रेल तक रोक दी थी। इसी आंदोलन के कारण बीजेपी के पूर्व मुख्यमंत्री राम प्रकाश गुप्ता को त्यागपत्र देना पड़ा था और माननीय राजनाथ सिंह को मुख्यमंत्री बनाया गया था। न्यायालय के आदेश से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद शुरू की गई थी। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के 25 वर्ष बेमिसाल रहे किसानों को न्यायपालिका और संगठन के माध्यम से अनगिनत लाभ पहुंचाने का ऐतिहासिक काम किया। संगठन की स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर पुरनपुर पीलीभीत के किसानों द्वारा मंडी समिति में विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश की जानी-मानी हस्तियां पहुंच रही हैं और देश के 250 किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंचायत में उपस्थित हो रहे हैं। लखीमपुर खीरी से भी भारी संख्या में किसान रविवार 26 अक्टूबर को पुरनपुर पीलीभीत पहुंचेंगे।

### थाना मैलानी पुलिस की कार्रवाई: बाल अपचारी गिरफ्तार

मैलानी खीरी। जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मैलानी पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में वांछित एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन में थाना मैलानी प्रभारी निरीक्षक की टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 344/25 धारा 64(1) /87/137(2) बीएनएस व 5(द्ध)2/6 पॉक्सो एक्ट में वांछित बाल अपचारी सूरज पुत्र नेबूलाल निवासी वर्मानगर, थाना मितौली, जनपद खीरी उम्र लगभग 17 वर्ष, को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए बाल अपचारी को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह, आरक्षी अरुण कुमार, शामिल रहे।

# मैलानी पुलिस की बड़ी कार्रवाई 09 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





मैलानी खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत थाना मैलानी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी मैलानी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नौ वांछित वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन में 24 अक्टूबर 2025 को की गई। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में शामिल शिशुपाल पुत्र राम औतार निवासी पहाड़नगर, अजीत पुत्र राम औतार निवासी पहाड़नगर, हरिश्चन्द्र पुत्र केशन निवासी कुकरा, इरफान पुत्र सुल्वा शाह निवासी कुकरा, छत्रपाल पुत्र भगवानदीन निवासी गंगापुर ग्रन्ट नं.10, संदीप पुत्र राम प्रसाद निवासी राजनगर ग्रन्ट नं.10, छिन्दर उर्फ कीडू पुत्र स्व. बलवीर निवासी कुंवरपुर ग्रन्ट नं.11, अशोक कुमार पुत्र राजकुमार निवासी अर्जुनपुर, नानकचन्द्र पुत्र अगने निवासी अम्बरपुर, पोस्ट डाटपुर सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमःमें उ0नि0 ब्रज मोहन सैनी, उ0नि0 अबलीश कुमार, हे0का0 कुलदीप कुमार, हे0 का0 श्याम कुमार वर्मा, का0 शैलेन्द्र कुमार, का0 राजमन साहनी, का0 राहुल सिकरवार, का0 सौरभ कुमार, का0 दिनेश कुमार सभी थाना मैलानी, शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमई श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

ओरन/बांदा। बिसंडा कस्बे के रामलीला मैदान रोड स्थित अमर वाटिका में संगीतमई श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा स्थल से प्रारंभ हुई कलश यात्रा में पीले वस्त्र धारण किए बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों पर कलश उठाए श्रद्धा भाव के साथ शामिल हुईं। यात्रा कथा स्थल से रामलीला मैदान रोड होते हुए नगर भ्रमणकर पुनः कथा स्थल पर संपन्न हुई। कलश यात्रा के समापन उपरांत कथा व्यास पंडित आचार्य राजेश कुमार शुक्ला ने श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस में कथा के महत्व और उसके श्रवण से मिलने वाले आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। कथा परीक्षित संतोष गुप्ता एवं श्रीमती मालती गुप्ता ने व्यासपीठ की आरती उतारी। इस दौरान अंजनी कुमार गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, विनय गुप्ता, नरेश चंद्र, प्रकाश चंद्र, श्रवण गुप्ता,विनोद गुप्ता, संजय गुप्ता, शिव नरेश त्रिपाठी, बृजेंद्र गौतम, संजय हवाई सहित सहित भारी संख्या में महिलाएं-पुरुष मौजूद रहे। पूरे कस्बे में कलश यात्रा के दौरान भक्ति संगीत और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।कलश यात्रा का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया।

### पिता को धमकाने वाला युवक अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कमासिन पुलिस द्वारा अवैध तमंचा लेकर पिता को धमकाने वाले पुत्र को पिता की शिकायत पर अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया । गौरतलब हो कि थाना कमासिन क्षेत्र के बेनामऊ के रहने वाले सदाशिव ने थाना कमासिन पर सूचना दी कि उसका उसका पुत्र गया प्रसाद उसे अवैध तमंचा लेकर डराता है । सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना कमासिन पुलिस द्वारा अभियुक्त को ग्राम मुसीवा से गिरफ्तार कर लिया गया । तलाशी में उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम गया प्रसाद पुत्र सदाशिव निवासी बेनामऊ थाना कमासिन जनपद बांदा है।

### दीवारी नृत्य का आयोजन

बांदा। दीपावली के बाद से बुन्देलखण्ड का प्रसिद्ध दीवारी नृत्य का आयोजन लगातार जारी है। आज भी शहर के किरन कालेज चौराहे के करीब समाजसेवी योगेश द्विवेदी बबलू के आवास परिसर में बुन्देलखण्ड के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा दीवारी नृत्य का शानदार आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### सवर्ण आर्मी ने सामान्य वर्ग के हितों को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

बांदा। सवर्ण आर्मी के बैनर तले शुक्रवार को बांदा में सामान्य वर्ग के हितों और अधिकारों को लेकर महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में यह ज्ञापन अतिरिक्त जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में जातिगत आरक्षण समाप्त करने, एससी/एसटी एक्ट में संशोधन अथवा समाप्ति और सवर्ण आयोग के गठन की मांग प्रमुख रूप से की गई। ज्ञापन में कहा गया कि आज़ादी के बाद से अब तक आरक्षण व्यवस्था जाति के आधार पर चल रही है, जबकि सामान्य वर्ग में भी गरीब और वंचित तबके के लोग हैं। आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था के कारण अनेक प्रतिभाशाली युवाओं को सरकारी सेवाओं और अवसरों से वंचित रहना पड़ता है। मंडल अध्यक्ष सवर्ण आर्मी उमेश तिवारी ने कहा कि ‟सामान्य वर्ग के लोगों को भी समान अवसर मिलना चाहिए। जातिगत आरक्षण अब असमानता का कारण बन गया है। आरक्षण का आधार केवल आर्थिक स्थिति होना चाहिए, ताकि वास्तविक रूप से जरूरतमंदों को लाभ मिल सके।” वहीं जिलाध्यक्ष दिव्यांग प्रकोष्ठ सवर्ण आर्मी सोनू करवरिया ने कहा कि ‟एससी/एसटी एक्ट का कई बार गलत उपयोग किया जा रहा है।

# उत्तर रेलवे ने छठ के लिए जाने वाले यात्रियो के लिए 28 विशेष रेलगाड़ियां चलाईं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



- बिहार के भावपूर्ण गीतों और धुनों से छठ के लिए जाने वाले यात्रियों का स्वागत किया गया
- दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर उदघोषणा प्रणालियों के माध्यम से पारंपरिक भोजपुरी छठ गीत बजाए जा रहे हैं

नई दिल्ली। त्योहारों के मौसम में यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित और व्यवस्थित करने के लिए भारतीय रेलवे देश भर में 12,000 से ज़्यादा स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। इसी व्यापक प्रयास को जारी रखते हुए, उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल ने कल चलाई गई30 स्पेशल ट्रेनों के बाद आज दिल्ली क्षेत्र से 28 स्पेशल ट्रेनें सफलतापूर्वक चलाईं। यह प्रयास छठ श्रद्धालुओं को सुरक्षित और आरामदायक तरीके से उनके घरों तक पहुँचाने पर केन्दित है। आज चलाई गईं स्पेशल रेलगाड़ियों का वि?वरण निम्नानुसार है। नई दिल्लीः 8 विशेष ट्रेनें + 1 अनिर्धारित ट्रेन ऑन डिमांड, आनंद विहार टर्मिनलः 7 विशेष ट्रेनें, शकूरबस्ती : 5 विशेष ट्रेनें, दिल्ली जंक्शनः 3 विशेष ट्रेनें, हजरत निज़ामुद्दीन : 2 विशेष ट्रेनें, शामली : 1 विशेष ट्रेन, रोहतक : 1 विशेष ट्रेन, यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए ये विशेष सेवाएं प्रमुख गंतव्यों तक चलाई जा रही हैं।

### स्टेशनों पर एक अनोखा सांस्कृतिक स्वागत

एक अनूठी और हृदयस्पर्शी पहल के तहत, दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों - नई दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल, निज़ामुद्दीन और गाजियाबाद में स?टेशन उदघोषणा प्रणालियों के माध्यम से पारंपरिक भोजपुरी छठ गीत बजाए जा रहे हैं । लोक आस्था का महापर्व छठ , अपने मधुर लोकगीतों के बिना अधूरा है। यह अनूठी पहल यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने और श्रद्धालुओं को बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान से जोड़ने के लिए की गयी है । जैसे ही ट्रेनें स्टेशनों पर पहुँचती हैं, यात्रियों का स्वागत इन परिचित धुनों से होता है, जो स्टेशन के माहौल को तुरंत बदल देती हैं और यात्रियों को त्योहार की भावना से जोड़ देती हैं।

### यात्रियों ने रेलवे की व्यवस्था की सराहना की

नई दिल्ली से बिहार के अभयपुर जा रही एक महिला यात्री कुसुम देवी ने कहा, ''जब छठ के गीत कानों में पड़ते हैं तो बहुत अच्छा लगता है , यह एक यादगार अनुभव है। इस बार भारतीय रेलवे की व्यवस्थाएँ बेहतरीन हैं।'' सीवान की एक यात्री कुमारी शोभा ने कहा, '' छठ पर्व हमारे दिल के बहुत करीब है, बिहारियों के लिए इसका विशेष महत्व है । इस बार इतनी अच्छी व्यवस्था के लिए मैं भारतीय रेलवे की आभारी हूँ।'' सीवान के एक अन्य यात्री संदीप कुमार सिंह ने परिचालन दक्षता को सराहते हुए कहा, ''रेलवे ने टिकट व्यवस्था, सफ़ाई, मोबाइल शौचालय, कतार व्यवस्था, अतिरिक्त टिकट काउंटर जैसी व्यापक व्यवस्थाएँ की हैं। इस बार रेलवे ने हमारे छठ पर्व को खास बना दिया है।'' छठ पूजा श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा सुरक्षित, कुशल और सांस्कृतिक रूप से अनुकूल यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है ।

### ट्रेन से गिरकर युवक की हुई मौत

मसौली बाराबंकी। शुक्रवार की दोपहर लखनऊ अयोध्या रेलवे मार्ग पर स्थित ग्राम करमुल्लापुर के निकट एक 35 वर्षीय युवक की ट्रेन से गिर कर मृत्यु हो गयी। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड के मुताबिक युवक मध्य प्रदेश सिंगरौली अमहा टोला सराय का निवासी है पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार की दोपहर करीब 1 बजे दिन मे लखनऊ से अयोध्या की ओर जा रही दून एक्सप्रेस से एक 35 वर्षीय युवक ट्रेन से गिरकर कट गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जमातलासी ली तो मृतक की जेब मे मिले आधार कार्ड के अनुसार मृतक की मध्य प्रदेश के सिगरौली के अमहा टोला सराय निवासी प्रशांत कुमार गुप्ता पुत्र राम नारायण गुप्ता के रूप मे हुई है पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि आधार कार्ड से हुई मृतक की पहचान के बाद परिजनों को सूचना दे दी गयी है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा वनडे जीतकर क्लीन स्वीप से बचना चाहेगा भारत

एजेंसी



नई दिल्ली। एडिलेड में दूसरे वनडे में दो विकेट से जीत दर्ज कर ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला पर कब्जा कर लिया है। अब रविवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाला तीसरा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के लिए औपचारिकता मात्र रह गया है, जबकि भारत यह मैच जीतकर क्लीन स्वीप से बचना चाहेगा। भारत ने भले ही दूसरे मैच में आखिरी तक संघर्ष किया, लेकिन मैच के ज्यादातर हिस्से में टीम पिछड़ी रही। पर्थ में बारिश से प्रभावित पहले मुकाबले को बहाना दिया जा सकता है, लेकिन एडिलेड में भारत पूरी तरह असंतुलित नजर आया। कप्तान शुभमन गिल और विराट कोहली के जल्दी आउट होने से टीम उबर नहीं सकी। खास बात यह रही कि कोहली ने अपने शानदार वनडे करियर में पहली बार लगातार दो 'डक' (शून्य पर आउट) झेले हैं। भारतीय शीर्ष क्रम को जोश हेज़लवुड ने दोनों मैचों में खासा परेशान किया है। वहीं, रोहित शर्मा की वापसी उम्मीदों के मुताबिक नहीं रही, हालांकि उन्होंने एडिलेड में 73 रन की पारी खेली। अब यह बहस तेज हो गई है कि यशस्वी जायसवाल को मौका देकर शीर्ष क्रम को नया रूप दिया जाए। हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी में टीम का संतुलन बिगड़ा दिखा और गिल ने लगातार दोनों मैचों में एक ही संयोजन के साथ उतरने का फैसला किया, जो बेअसर रहा। कप्तान के रूप में गिल का शुरुआती दौर आसान नहीं रहा है। उन्होंने अब तक 10 और 9 रन बनाए हैं और अगर भारत इस मैच को भी हार जाता है तो यह टीम के इतिहास में सिर्फ छठी बार वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप होगा। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया का आत्मविश्वास चरम पर है। टीम को मैट शॉर्ट, कूपर कॉनोली, मिच ओवेन और मैथ्यू रेंशॉ जैसे नए खिलाड़ियों से शानदार योगदान मिला है। ये खिलाड़ी स्टीव स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल की वनडे से संन्यास के बाद खाली हुई जगहों को भरने में सक्षम साबित हो रहे हैं। मैट रैनशॉ ने पर्थ में 21 नाबाद (24 गेंदों पर) और एडिलेड में 30 रन (30 गेंदों पर) बनाए। एडिलेड में जब टीम 54/2 पर संकट में थी, तब उन्होंने शॉर्ट के साथ 55 रन की साझेदारी कर मैच की दिशा बदल दी। उनके सिडनी में भी खेलने की पूरी संभावना है। ऑस्ट्रेलिया की टीम प्रबंधन अब यह ऐतिहासिक मौका भुनाना चाहेगी क्योंकि उसने कभी भी भारत को किसी द्विपक्षीय वनडे सीरीज में 3-0 से नहीं हराया है। संभावना है कि ऑस्ट्रेलिया अपने प्रमुख तेज गेंदबाज हेज़लवुड और मिचेल स्टार्क को आराम दे, जबकि नाथन एलिस और जैक एडवर्ड्स को मौका मिल सकता है। दूसरी ओर, भारत कुछ बदलावों के साथ उतर सकता है। चर्चाएं हैं कि कुलदीप यादव को मौका दिया जाए ताकि गेंदबाजी आक्रमण में धार लाई जा सके। वाशिंगटन सुंदर ने तीन विकेट तो लिए हैं लेकिन बल्ले से असफल रहे हैं। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को हर्षित राणा की जगह शामिल किया जा सकता है। साथ ही यशस्वी जायसवाल को भी खेलने का मौका मिल सकता है।

# लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के साथ अनुबंध बढ़ाया, 2028 तक क्लब में बने रहेंगे

एजेंसी

मियामी। विश्व फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के साथ अपना नया तीन साल का अनुबंध साइन कर लिया है। इस समझौते के साथ मेसी अब 2028 तक मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में खेलते नजर आएंगे। यह घोषणा मियामी के प्लेऑफ ओपनर से ठीक एक दिन पहले की गई। मेसी की टीम, इंटर मियामी, ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में तीसरे स्थान पर रहते हुए अब नैशविल के खिलाफ शुक्रवार को तीन मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले की मेजबानी करेगी। मेसी ने अपने बयान में कहा, यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है कि मैं यहां रहकर इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रहा हूं, जो मेरे सपने के साथ-साथ अब एक खूबसूरत हकीकत बन चुका है – मियामी फ्रीडम पार्क में खेलना। जब से मैं मियामी आया हूं, मैं बेहद खुश हूं और इस सफर को जारी रखने के लिए उत्साहित हूं। यह फैसला न केवल क्लब के लिए बल्कि पूरी एमएलएस लीग के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मेसी पिछले सीजन में एमएलएस के मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर बने थे और इस सीजन भी वह इस खिताब के प्रबल दावेदार हैं। अगर वह दोबारा जीतते हैं, तो वे लीग इतिहास में केवल दूसरे खिलाड़ी होंगे जिन्होंने यह अवार्ड दो बार जीता हो – और पहले खिलाड़ी जो लगातार दो साल इसे जीतेंगे। इंटर मियामी के कोच जावियर माशेरानो ने कहा, मेसी को खेलते हुए देखना और उन्हें आनंद लेते देखना अद्भुत है। वह बहुत प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी हैं और टीम को प्रेरित करते हैं। जब हम मैदान पर सही काम करते हैं, तो सफलता की संभावना खुद-ब-खुद बढ़ जाती है। मेसी ने इस सीजन में 29 गोल दागे, जो एलएएफसी के डेनिस बोआंगा और नैशविल के सैम सर्रिज से पांच अधिक हैं। उनके नाम 19 असिस्ट भी दर्ज हैं। उनकी कुल 48 गोल सहभागिताएं एमएलएस के रिकॉर्ड 49 (कार्लोस वेला, 2019) से बस एक कम रहीं। उन्होंने एक और रिकॉर्ड बनाया – लगातार पांच मैचों में एक से अधिक गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बने और 10 मैचों में मल्टी-गोल प्रदर्शन करने का नया लीग रिकॉर्ड भी बनाया। 38 वर्षीय मेसी के इस अनुबंध को उनके करियर का आखिरी पेशेवर अनुबंध माना जा रहा है। उन्होंने 2004 में बार्सिलोना के साथ 17 साल की उम्र में डेब्यू किया था। उन्होंने 2022 कतर विश्व कप में अर्जेंटीना को चैंपियन बनाया और उसके बाद पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) से अनुबंध समाप्त कर इंटर मियामी का रुख किया था। अब तक मेसी इंटर मियामी के लिए 82 मैचों में 71 गोल और 27 असिस्ट कर चुके हैं और क्लब को लीग्स कप और एमएलएस सपोर्टर्स शील्ड जिताने में अहम भूमिका निभाई है।

# लंकाशायर ने स्टीवन क्रॉफ्ट को मुख्य कोच नियुक्त किया

एजेंसी

लंदन। इंग्लिश काउंटी क्रिकेट क्लब लंकाशायर ने स्टीवन क्रॉफ्ट को अपना नया मुख्य कोच (हेड कोच) नियुक्त करने की घोषणा की है। क्रॉफ्ट पिछले कुछ महीनों से अंतरिम कोच की भूमिका निभा रहे थे और उनके सफल कार्यकाल के बाद अब उन्हें स्थायी रूप से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। क्रॉफ्ट ने मई में डेल बेंकेनस्टीन के पद छोड़ने के बाद कोचिंग की जिम्मेदारी संभाली थी। सीज़न के पहले आधे हिस्से में लंकाशायर एक भी काउंटी चैम्पियनशिप मैच नहीं जीत पाया था, लेकिन टीम ने शानदार वापसी करते हुए डिवीजन-2 में पांचवां स्थान हासिल किया और साथ ही टी20 ब्लास्ट फाइनल्स डे तक का सफर तय किया। स्टीवन क्रॉफ्ट ने क्लब के हवाले से कहा, इस महान क्लब का मुख्य कोच नियुक्त होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। लैंकाशायर मेरे जीवन का बड़ा हिस्सा रहा है – एक खिलाड़ी के रूप में अकादमी से जुड़ने से लेकर टीम की कप्तानी करने तक और अब मैदान के बाहर यह नई भूमिका निभाने तक। उन्होंने आगे कहा, मुझे गर्व है कि टीम ने पिछले सीज़न के दूसरे भाग में जिस तरह से प्रतिक्रिया दी। हमारे पास एक प्रतिभाशाली और जुनूनी दल है जो 'रेड रोज़' का गर्व से प्रतिनिधित्व करता है। अब मेरा लक्ष्य है कि उस प्रगति को आगे बढ़ाते हुए खिलाड़ियों के प्रदर्शन को निखारूं और क्लब को फिर से सफलता दिलाऊं। क्रॉफ्ट, जो 41 वर्ष के हैं, 2011 में लंकाशायर की काउंटी चैम्पियनशिप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। उन्होंने 2023 में संन्यास लिया था, और क्लब के लिए 600 से अधिक मैच खेले थे। लंकाशायर के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट परफॉर्मेंस मार्क चिल्टन ने कहा, हमें खुशी है कि स्टीवन ने स्थायी रूप से यह भूमिका स्वीकार की है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में जिम्मेदारी संभालते हुए शानदार नेतृत्व क्षमता दिखाई।

# विजय अभियान जारी रखना चाहेंगे ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका, हीली पर रहेगी नजर

एजेंसी



इंदौर। अब तक अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित करने वाले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका शनिवार को यहां जब महिला वनडे विश्व कप के मैच में एक दूसरे का सामना करेंगे तो उनका लक्ष्य सेमीफाइनल से पहले अपनी जीत की लय को बरकरार रखना होगा। आस्ट्रेलिया को उम्मीद होगी कि उनकी कप्तान एलिसा हीली फिट होकर इस मैच में खेलने के लिए तैयार होगी। कप्तान, सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर की तिहरी भूमिका निभाने वाले हीली को बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से पहले अभ्यास के दौरान पिंडली में चोट लग गई थी। ताहलिया मैकग्रा की कप्तानी में सात बार की चैंपियन टीम ने इस मैच में बड़ी जीत हासिल की थी। दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट से मिली करारी हार के बाद शानदार वापसी करके लगातार पांच मैच जीतकर विरोधी टीमों के पास स्पष्ट संदेश पहुंचा दिया है। ऐसे में 35 वर्षीय हीली की फिटनेस इस चुनौती से निपटने के लिए और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि वह टूर्नामेंट में बल्ले से शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। हीली ने भारत और बांग्लादेश के खिलाफ लगातार मैच में शतक बनाए, जिससे वह दो मैच कम खेलने के बावजूद भारत की स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल के बाद मौजूदा टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर काबिज है। इंग्लैंड के खिलाफ हीली की अनुपस्थिति के कारण बल्लेबाजी क्रम में काफी बदलाव करना पड़ा, लेकिन एनाबेल सदरलैंड और एशले गार्डनर के बीच 180 रन की अटूट साझेदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच आसानी से जीता। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी में जिस तरह की गहराई है और जिस तरह से उनके पास तेज और स्पिन गेंदबाजों की भरमार है, उसे देखते हुए दक्षिण अफ्रीका को उसे हराने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी की गहराई से अच्छी तरह वाकिफ होंगी और उन्हें अपनी तेज गेंदबाज मारिजाने काप से यादगार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। काप ने अब तक छह विकेट लेकर और दो अर्धशतक लगाकर अपनी ऑलराउंडर भूमिका बखूबी निभाई है। लेकिन सलामी बल्लेबाज़ वोल्वार्ड्ट, ताज़िमन ब्रिट्स और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज़ सुने लुस की तिकड़ी को ज़्यादातर रन बनाने होंगे, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी में ऑस्ट्रेलिया की तरह गहराई नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### वियना ओपन 2025: सिनर ने कोबोली को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**वियना।** शीर्ष वरीयता प्राप्त इतालवी खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अपने ही हमवतन फ्लावियो को बोली को हराकर वियना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। गुरुवार को खेले गए प्री-क्वार्टर मुकाबले में सिनर ने कोबोली को 6-2, 7-6(4) से मात दी। पहले सेट में सिनर ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 6-2 से आसानी से जीत हासिल की, लेकिन दूसरे सेट में कोबोली ने कड़ा मुकाबला दिया। हालांकि टाई-ब्रेक में सिनर ने बेहतर खेल दिखाते हुए मुकाबला अपने नाम किया। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर इस टूर्नामेंट में तब लौटे हैं जब उन्होंने शंघाई मास्टर्स में थकान और ऐंठन के कारण तीसरे दौर का मैच बीच में छोड़ दिया था। सिनर ने पहले सेट में एक भी ब्रेक प्वॉइंट का सामना नहीं किया, लेकिन दूसरे सेट में मिले चार ब्रेक मौके का फायदा नहीं उठा पाए। मैच के बाद उन्होंने कहा, फ्लावियो शानदार टैलेंट और बेहतरीन प्रतियोगी हैं। हमने कई बेहतरीन रैलियां खेलीं। दूसरे सेट में मुझे मौके मिले लेकिन मैं उन्हें भुना नहीं सका, यही टेनिस है। मैंने सकारात्मक मानसिकता बनाए रखी और आज के खेल से खुश हूं। क्वार्टर फाइनल में अब सिनर का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त कजाख खिलाड़ी एलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा, जिन्होंने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-4, 6-2 से हराया। वहीं, दूसरे वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव भी अंतिम आठ में पहुंच गए हैं, जहां उनका मुकाबला टालोन ग्रिकसपोर से होगा। इस बीच, फ्रांस के कोरेंटिन माउटे ने रूस के दानिल मेदवेदेव से पिछली हार का बदला चुकता किया। पिछले रविवार को अल्माटी फाइनल में मेदवेदेव ने माउटे को हराया था, लेकिन इस बार माउटे ने शानदार वापसी करते हुए 7-6(7/3), 6-4 से जीत दर्ज की।

### भारत में फोटोनिक मॉड्यूल,चिप इकाई स्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा जीएक्स ग्रुप

**नयी दिल्ली।** ब्रॉडबैंड उपकरण विनिर्माता जीएक्स ग्रुप ने 500 करोड़ रुपये के शुरुआती निवेश से भारत में एक फोटोनिक मॉड्यूल और चिप इकाई स्थापित करने की शुक्रवार को जानकारी दी। जीएक्स ग्रुप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) परितोष प्रजापति ने कहा कि गुड़गांव के मानेसर में मुख्यालय वाली इस नई अनुषंगी कंपनी से रोजगार के 300 से अधिक प्रत्यक्ष अवसर सृजित होने की उम्मीद है। समूह के वर्तमान में भारत में करीब 250 कर्मचारी हैं। प्रजापति ने बताया कि पहले चरण के 500 करोड़ रुपये का निवेश राजस्थान के भिवाड़ी में एक विनिर्माण सुविधा स्थापित करने और चेन्नई स्थित अपने मौजूदा अनुसंधान एवं विकास केंद्र के विस्तार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा, '' हम वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही तक इस सुविधा और अनुसंधान एवं विकास केंद्र का संचालन शुरू कर देंगे। इसके तुरंत बाद हम चिप का उत्पादन शुरू कर देंगे। स्थानीय बाजार में अक्टूबर 2026 तक चिप उपलब्ध हो जाएंगे। जीएक्स ग्रुप के मौजूदा ग्राहकों में एयरटेल, एसीटी और टाटा प्ले शामिल हैं।

### प्रीमियर एनर्जीज ने संयुक्त उद्यम साझेदार के साथ 170 करोड़ रुपये में केसोलर एनर्जी का किया अधिग्रहण

**नयी दिल्ली।** प्रीमियर एनर्जीज ने एक संयुक्त उद्यम साझेदारी में केसोलर एनर्जी की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी 170 करोड़ रुपये में हासिल की और अपने नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) कारोबार का विस्तार करते हुए सौर इन्वर्टर क्षेत्र में प्रवेश करने की शुक्रवार को घोषणा की। यह घोषणा प्रीमियर एनर्जीज द्वारा ट्रांसकॉन इंडस्ट्रीज में बृहस्पतिवार को 51 प्रतिशत बहुमत हिस्सेदारी 500.3 करोड़ रुपये में हासिल करके ट्रांसफार्मर निर्माण क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद की गई है। कंपनी ने बयान में कहा कि उसने केसोलर एनर्जी का संपूर्ण स्वामित्व 51:49 प्रतिशत के अनुपात में हासिल करने के लिए सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी के साथ निर्णायक समझौते किए हैं। इस अधिग्रहण के साथ प्रीमियर एनर्जीज ने संयुक्त उद्यम साझेदार के साथ तेजी से बढ़ते आवासीय सौर इन्वर्टर क्षेत्र में प्रवेश किया है। यह अधिग्रहण 170 करोड़ रुपये में किया गया है। प्रीमियर एनर्जीज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिरंजीव सलूजा ने कहा कि उनकी कंपनी, संयुक्त उद्यम साझेदार के साथ मिलकर घरेलू 'रूफटॉप' क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाने का लक्ष्य रखती है। प्रीमियर एनर्जीज, सौर सेल और मॉड्यूल के विनिर्माण में लगी हुई है।

### इस्पात की कीमतें पांच साल के निचले स्तर पर, निकट भविष्य में यह रुख जारी रहने का अनुमान: बिगमिंट

**नयी दिल्ली।** घरेलू इस्पात की कीमतें पांच साल के निचले स्तर पर आ गई हैं और 47,000-48,000 रुपये प्रति टन के दायरे में कारोबार कर रही हैं। बढ़ते आयात सहित कई कारकों के कारण कीमतें प्रभावित हुई हैं। परामर्श सेवाएं देने वाली बिगमिंट के बाजार आंकड़ों के अनुसार, थोक बाजार में हॉट रोल्ड कॉइल (एचआरसी) की कीमतें 47,150 रुपये प्रति टन के आसपास जबकि री-बार (टीएमटी) की कीमतें 46,500-47,000 रुपये प्रति टन के दायरे में हैं। पिछली बार कीमतें इस स्तर पर 2020 में थीं, जब वैश्विक महामारी की मंदी के बीच एचआरसी 46,000 रुपये प्रति टन के स्तर पर और री-बार 45,000 रुपये प्रति टन पर कारोबार कर रहा था। मौजूदा गिरावट मुख्यतः कमजोर निर्यात मांग, बढ़ते आयात और वैश्विक बाजार में जरूरत से अधिक आपूर्ति के कारण है। चीन जैसे देशों से निर्यात में आक्रामक बढ़ोतरी के दबाव में भारत के इस्पात निर्यात में तेजी से गिरावट आई है जबकि सरकार द्वारा कई उपाय किए जाने के बावजूद आयात अब भी जारी है। स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस्पात मंत्रालय ने 27 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी में उद्योग के हितधारकों के साथ इस्पात आयात से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए एक 'ओपन हाउस' बुलाने का आह्वान किया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी ध्यान दिया है कि इस्पात आयात में वृद्धि देखी गई है जिसका मुख्य कारण आयात कीमतें कम होना है।

# स्टॉक मार्केट में मिडवेस्ट लिमिटेड की जोरदार एंट्री, मुनाफ़े में आईपीओ निवेशक

एजेंसी




नई दिल्ली। नेचुरल स्टोन्स की माइनिंग और प्रोसेसिंग करके देश-विदेश में बेचने वाली कंपनी मिडवेस्ट लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 1,065 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग करीब 9 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 1,165.10 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 1,165 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से इस शेयर की चाल में और तेजी आ गई। सुबह 10:15 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 1.180.65 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 10.86 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है। मिडवेस्ट लिमिटेड का 451 करोड़ रुपये का आईपीओ 15 से 17 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से शानदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 22.36 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 146.99 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 176.57 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 25.52 गुना और एंप्लॉयीजी के लिए रिजर्व पोर्शन 25.80 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 250 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 5 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 18,87,323 शेयरों की बिक्री ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये की गई है। आईपीओ में नए शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी सब्सिडरी मिडवेस्ट नियोस्टोन के क्वार्ट्ज प्रोसेसिंग प्लांट में दूसरे चरण के लिए कैपिटल एक्सपेंडिचर करने, मिडवेस्ट खुद अपने लिए और अपनी एक दूसरी सब्सिडरी एपीजीएम के लिए इलेक्ट्रिक डंप ट्रकों की खरीदारी करने, कंपनी के कुछ माइन में सोलर एनर्जी इंटीग्रेशन करने, पुराने कर्ज के बोझ को हल्का करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है।

# ईमानदार करदाताओं के साथ विनम्र एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करें: सीतारमण

गाजियाबाद। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि जीएसटी अधिकारियों को ईमानदार करदाताओं के साथ विनम्र एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से तेजी से पंजीकरण मंजूरी एवं शिकायत निवारण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और क्षेत्रीय इकाइयों से सक्रिय रूप से व्यापार करने में सुगमता लाने का भी आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, '' आपके और व्यापारी के बीच कोई लोहे की दीवार नहीं है, बस हवा का एक झोंका है। आप समझ सकते हैं कि समस्या कहां है, बजाय इसके कि उसे और उलझाएं। गाजियाबाद में सीजीएसटी भवन के उद्घाटन के अवसर पर मंत्री ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधिकारियों के खिलाफ किसी भी अनुशासनात्मक कार्यवाही को समय पर पूरा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे सीबीआईसी बोर्ड की ओर से यह स्पष्ट संदेश जाएगा कि अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का कदाचार, कर्तव्यहीनता या अनैतिक व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि कर प्रशासन का अंतिम लक्ष्य ईमानदार करदाताओं के लिए जीवन को आसान बनाना है और ऐसा करने के लिए जीएसटी अधिकारियों को निर्धारित मानक प्रक्रिया का पालन करना चाहिए और अधिक सहानुभूति एवं शिष्टाचार दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा, '' यह महत्वपूर्ण है कि आप विनम्र बने रहें। अगली पीढ़ी का जीएसटी केवल दरों, श्रेणियों, सरलीकरण के बारे में नहीं है। इससे करदाता को अलग महसूस होना चाहिए। मंत्री ने कहा कि विनम्रता को हालांकि कानून व नियम के साथ समझौते के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

एलएंडटी को हिंडाल्को, टाटा स्टील से मिले ठेके

नयी दिल्ली, 24 अक्टूबर (भाषा) बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने शुक्रवार को कहा कि उसे ओडिशा में अपनी आगामी परियोजना के लिए हिंडाल्को से एल्युमीनियम स्मेल्टर स्थापित करने का ठेका मिला है। इसके अलावा उसे टाटा स्टील से कोक ओवन बैटरी बनाने का ठेका भी मिला है। लार्सन एंड टुब्रो के खनिज एवं धातु व्यवसाय खंड द्वारा दोनों ठेके प्राप्त किए गए हैं। ये ठेके हाल ही में भारत में इस खंड द्वारा प्राप्त कई ठेकों का हिस्सा हैं। बीएसई को दी गई सूचना में एलएंडटी ने कहा कि उसे हिंडाल्को से ओडिशा में अपनी आगामी ग्रीनफील्ड परियोजना के लिए 180 केटीपीए एल्युमीनियम स्मेल्टर तथा गैस ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित करने का ठेका मिला है। कंपनी सूचना के अनुसार, उसने ''टाटा स्टील (जमशेदपुर) से कोक ओवन बैटरी 6

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, लगातार पांचवें दिन सस्ता हुआ सोना

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट का रुख जारी है। सोने की कीमत में आज लगातार पांचवें दिन गिरावट दर्ज की गई है। आज के कारोबार में सोना 750 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 810 रुपये प्रति 10 ग्राम तक टूट गया है। वहीं, चांदी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है। कीमतों में हुई इस कमी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,25,070 रुपये से लेकर 1,25,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,14,640 रुपये से लेकर 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,58,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,25,220 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,25,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,25,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,25,070 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,14,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,25,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,25,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,25,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,14,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,25,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,25,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,14,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सत्यता का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# यह केवल नियुक्ति पत्र नहीं, बल्कि देश सेवा का निमंत्रण है: कमलेश

■ बीएचयू में 17वें रोजगार मेले का आयोजन, नवचयनित अभ्यर्थियों को दिया गया नियुक्ति पत्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने शुक्रवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के कृषि शताब्दी कृषि प्रेक्षागृह में आयोजित सत्रहवें रोजगार मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में चयनित 51,000 से अधिक अभ्यर्थियों को वर्चुअल माध्यम से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस कार्यक्रम का यहां लाइव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री के वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधन के बाद यहां उपस्थित नवचयनित अभ्यर्थियों को केन्द्रीय मंत्री ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री पासवान ने रोजगार मेले में उपस्थित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह केवल नियुक्ति पत्र नहीं, बल्कि देश सेवा का निमंत्रण पत्र है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में नव नियुक्त अभ्यर्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि नव चयनित अभ्यर्थी ही सरकार का चेहरा हैं। आपकी सेवा भावना और व्यवहार से जनता सरकार पर और अधिक विश्वास करेगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आपकी ईमानदारी, निष्ठा और सेवा भावना ही राष्ट्र की प्रगति का आधार बनेगी। जनता का विश्वास आपके आचरण और कर्म से और सशक्त तथा मजबूत होगा। आप केवल सरकारी कर्मचारी नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के निर्माता हैं। केन्द्रीय मंत्री ने काशी को ज्ञान, संस्कार और परंपरा की पावन भूमि बताते हुए कहा कि महामना पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित इस महनीय विश्वविद्यालय से देश के युवाओं को सेवा चयन का नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाना अत्यंत गौरव का विषय है।

## विकसित भारत' के स्पेस मिशन-2047 में देवरिया लोकसभा क्षेत्र का योगदान : शशांक मणि

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




देवरिया। उत्तर भारत में पहली बार उत्तर प्रदेश के देवरिया लोकसभा क्षेत्र के तमकुहीराज में आयोजित हो रहा इन-स्पेस मॉडल रॉकेट्री/कैनसैट इंडिया स्टूडेंट कंप्टीशन-2025 प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के मिशन में योगदान देने जा रहा है। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था पांच गुना बढ़कर 44 बिलियन डॉलर तक पहुंचे। सांसद शशांक मणि की 'अमृत प्रयास' पहल राष्ट्रीय विज़न में भागीदार बनेगी। सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि 27 से 30 अक्टूबर तक यह चार दिवसीय आयोजन में देश भर के 600 युवा वैज्ञानिक एवं 120 वरिष्ठ वैज्ञानिकों को एक मंच पर ला रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन इसरो, इन-स्पेस और एएसआई जैसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थानों के सहयोग से हो रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। इस प्रतियोगिता का प्रमुख उद्देश्य देवरिया लोकसभा के साथ पूर्वांचल के जिलों में अंतरिक्ष विज्ञान में युवाओं की जागरूकता बढ़ाना तथा स्थानीय कॉलेजों में साइंस, टेक, इंजीनियरिंग, मैथ्स (ट्ठ्क्ख्र) शिक्षा को बढ़ावा देना है। यह आयोजन युवाओं को स्पेस टेक, इलेक्ट्रॉनिक्स, डाटा एनालिटिक्स, इंजीनियरिंग और डिज़ाइन जैसे हाई-टेक क्षेत्रों में सीधे स्किल डेवलपमेंट का अवसर देगा। इन नवाचारों से युवाओं को रोजगार एवं उद्यमिता के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि कृषि और पर्यावरण में अंतरिक्ष तकनीक के उपयोग के प्रति किसान जागरूक होंगे। भविष्य में उपग्रह तकनीक की मदद से किसानों को मौसम, जल प्रबंधन और फसल निगरानी में बेहतर तकनीक मिल सकेगी। इस आयोजन से अंतरिक्ष के क्षेत्र में गांवों की सहभागिता और नवाचार की भावना को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ''स्थानीय से वैश्विक'' सोच को प्रोत्साहन मिलेगा। देवरिया लोकसभा क्षेत्र में होने जा रहे राष्ट्रीय इन-स्पेस मॉडल रॉकेट्री/कैनसैट इंडिया स्टूडेंट कंप्टीशन-2025 के लिए नारायणी मॉडल रॉकेट्री प्रक्षेपण धाम में निर्माण कार्य तेजी से जारी है। यह प्रतियोगिता 27 से 30 अक्टूबर तक चलेगी। लांच पैड के निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। गुरुवार से देशभर से 600 युवा वैज्ञानिकों और 120 वरिष्ठ वैज्ञानिकों का आगमन शुरू हो जाएगा। सांसद ने बताया कि लांच साइड से 1000 मीटर की दूरी पर बन रहे कंट्रोल रूम के पास पांच बड़े जर्मन हैंगर टेंट लगाए जा रहे हैं, ताकि आंधी, बारिश जैसी समस्याओं के चलते कार्यक्रम प्रभावित न हो। यहां 500 वर्ग फुट में आब्जर्वेशन प्वाइंट तैयार हो रहा है, जहां से इसरो की जूरी टीम प्रतियोगिता की गतिविधियों पर पैनी नज़र रखेगी। इसरो की टीम मंगलवार को स्थल का दौरा कर चुकी है। 25 अक्टूबर को पूरी तैयारी के साथ यहां पहुंचेगी। मुख्य स्थल पर 13 हजार वर्ग फुट में एक विशाल विजिटर गैलरी बनाई जा रही है, जिसमें स्टेज और वीआईपी ठहराव की व्यवस्था है। छात्रों के रॉकेट एसेम्बल करने के लिए अलग से वर्किंग एरिया बनाया जा रहा है और बगल में हैविटेट एरिया तैयार हो रहा है। 25 अक्टूबर से एक हजार लोगों के रहने-खाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवा वैज्ञानिकों के ठहरने की व्यवस्था अलग-अलग स्कूलों में की गई है। छात्राएं द प्रेसिडेंट स्कूल दनियारी में तो छात्र जगदीश पब्लिक स्कूल, गौरी श्रीराम में ठहरेंगे। आवागमन को सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सभी पहुंच मार्गों की मरम्मत का काम लगभग पूरा कर लिया है। बुधवार को जंगलपट्टी से तरेया सुजान की ओर जाने वाली सड़क की मरम्मत का काम जोर-शोर से चला है। प्रतियोगिता केवल रॉकेट लांचिंग तक सीमित नहीं है। यहां एक आर्ट एंड स्पेस गैलरी तैयार हो रही है जो साइंस म्यूजियम का काम करेगी।

## प्रयागराज में छठ पूजा समिति के कैंप कार्यालय का शुभारंभ

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के संगम नोज पर छठ पूजा की तैयारियां तेज हो गई हैं। पूर्वांचल छठ पूजा एवं विकास समिति ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा-यमुना का पूजन और अपने कैंप कार्यालय का भूमि पूजन किया। इस कार्यालय की स्थापना छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा और सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। समिति के अध्यक्ष अजय राय ने पूरे विधिविधान से संगम पर भूमि पूजन करके इस छठ पर्व के सफल आयोजन और श्रद्धालुओं की कुशलता की कामना की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी संगम तट पर बड़े पैमाने पर छठ पर्व का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु छठी मैया को अर्घ्य देने आयेंगे। समिति के कार्यकर्ता श्रद्धालुओं के स्वागत, देखरेख और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था में जुटे हैं।

## हर किसी को करनी चाहिए बेसहारा गायों की चिंता : लल्लू सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या नगर निगम की गौशाला में शुक्रवार को गोवर्धन पूजा का आयोजन हुआ। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में मानव जीवन में गायों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि गायों को लेकर हर किसी को चिंता करनी चाहिए। दूध न देने पर गायों को बेसहारा छोड़ने की जगह उनका पालन करना हर हिंदू का धर्म है। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि गायों के संरक्षण में समाज की महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सक्षम परिवार को एक गाय का पालन-पोषण अथवा संरक्षण करना चाहिए। महापौर ने कहा कि गाय का गोबर, गोमूत्र और दूध की उपयोगिता जगविदित है। उन्होंने कहा कि लोगों को गौशाला में पालने वाली गायों को गोद लेकर उनके भरण-पोषण में योगदान देना चाहिए। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था सदियों से गाय आधारित रही है। उन्होंने छोटी जोत के किसानों को गोवंश पालन की सलाह दी।कार्यक्रम को विधायक चंद्रभान पासवान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह, पूर्व प्रमुख राजेंद्र सिंह, पार्षद चंदन सिंह हरिश्चंद्र गुप्त, विशाल यादव, किशन मौर्य, रामशंकर निषाद, अपर नगर आयुक्त भरत भार्गव, भाजपा नेता हेमंत जायसवाल, आलोक द्विवेदी, लक्ष्मी सिंह, सुरेश सिंह, शुभम सिंह आदि गौ प्रेमियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन राघवेन्द्र तिवारी ने किया। इससे पहले गोबर से उकेरी गई गोवर्धनधारी भगवान कृष्ण का पूजन एवं आरती की गई। समापन पर भंडारा का आयोजन किया गया।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**संपादक समन्वय**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
पीयूष त्रिपाठी

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


## लोकआस्था का महापर्व 'छठ' 25 अक्टूबर को नहाय खाय से होगा शुरू

जौनपुर। लोक आस्था का महापर्व 'छठ' 25 अक्टूबर शनिवार से पूर्वी उत्तर प्रदेश के जौनपुर में नहाय खाय के साथ शुरू होगा जबकि 28 अक्टूबर मंगलवार को उगते सूर्य भगवान की आराधना तथा अर्घ्य देकर महाव्रत का समापन हो जायेगा। जौनपुर के प्रसिद्ध कर्मकांडी विद्वान डॉक्टर रजनीकांत द्विवेदी के अनुसार छठ पुरबिया समाज का लोक पर्व है, सूर्य, नदी, श्रम , कृषि, संस्कृति, नारी शक्ति व सभ्यता इसके बुनियादी तत्व हैं। यह लोक पर्व मूलतः प्रार्थना ,साधना व सामुदायिक मेल की अभिव्यक्ति है। पुरबिया समाज सूर्य व कृषि को शुरू से महत्व देता रहा है, छठ में डूबते डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। पूर्व वैदिक काल से सूर्य कृषि के लिए वरदान है, इसलिए इस पर्व में खरीफ की फसलों और फलों के प्रसाद से सूर्य की आराधना होती है। स्त्री शक्ति इस पर्व के केंद्र में है। यह लोक पर्व शास्त्र और ब्राह्मण कर्मकांड से पूर्ण तक मुक्त है। पुरुष सत्ता की भी यहां कोई भूमिका नहीं, यह पूर्णत स्त्री की साधना और प्रार्थना पर केंद्रित पर्व है। छठ और सूर्य से जुड़े लोक कंठी गीत ही इस पर्व के लिए मंत्र और श्लोक हैं। स्त्री शक्ति परिवार कल्याण के लिए प्रार्थना और गीत के माध्यम से स्वर और भाव व्यक्त करती हैं । यह व्रत सूर्य की उपासना का महाव्रत है। चार दिन तक व्रती महिलाएं कठिन साधना करती हैं। इस व्रत में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। डॉ द्विवेदी ने बताया कि छठ पर्व के पहले दिन व्रती महिलाएं सिर धोकर स्नान करती हैं और नाखून काटकर शरीरिक स्वच्छता का पूरा ध्यान रखते हुए पूजा की शुरुआत करती हैं। व्रत के दूसरे दिन 26 अक्टूबर को खरना होगा। इस दिन व्रती महिलाएं निर्जला व्रत रहेंगी। इसके अगले दिन 27 अक्टूबर सोमवार को सायं अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देंगी और 28 अक्टूबर मंगलवार को व्रती महिलायें तथा पुरुष उदयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगे। माना जाता है कि सूर्य की उपासना से मानव के सारे पाप कट जाते हैं। जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने छठ पूजा को देखते हुए 27 और 28 अक्टूबर को आदि गंगा गोमती के पावन तट प्रतिमा विसर्जन घाट के पास और हनुमान घाट के दोनों तरफ सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात करेंगे, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने घाटों की सफाई भी करने का निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर को दे दिया है।

## सरदार पटेल की जयंती के 150 वर्ष पूर्ण होने पर होंगे कार्यक्रम : संतराज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




देवरिया। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय औरा चौरी स्थित शुक्रवार को आयोजित जिला योजना बैठक में सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष व जिला प्रभारी संतराज यादव ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक यूनिटी मार्च निकाला जाएगा, जिसमें जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से पदयात्राएं निकलेंगी। जिला योजना बैठक में तय किया गया कि सरदार पटेल के जीवन, उनके अदम्य साहस और राष्ट्रीय एकता में उनके योगदान पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, पदयात्राएं, रन फॉर यूनिटी, योग शिविर, स्वच्छता अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। संतराज यादव ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, एकता और आत्मनिर्भरता का भाव भरना है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सरदार पटेल के विचारों और योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने खंड खंड में बिखरी रियासतों को एकीकृत करने का महान कार्य किया। आज सरदार पटेल की कृतियों और उनके व्यक्तित्व को भारतीय जनता पार्टी अपने देवतुल्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से पूरे देश में प्रचारित करने का काम कर रही है। कार्यक्रम के जिला संयोजक दीपक सिंह मल्ल ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष मारकंडे शाही, उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, गंगा सिंह कुशवाहा, अंकुर राय अभिषेक, कार्यक्रम के सह संयोजक विंदेश पांडे, विजय पटेल, अभिषेक जायसवाल, त्रिपुनायक विश्वकर्मा, राधेश्याम शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, यशवंत शाही, राहुल प्रताप सिंह, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## लोक आस्था के महापर्व डाला छठ की सुगंध, बाबा विश्वनाथ की नगरी में छठ माता के गीतों की गूंज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

■ घरों में छठ पूजन की तैयारी अन्तिम दौर में, साफ – सफाई के साथ पूजन की सामग्री की खरीददारी



वाराणसी। काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ की नगरी में लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ पूजन की सुगंध फिजाओं में बिखरने लगी है। पर्व की शुरूआत शनिवार को नहाय खाय के साथ होगी। इसको लेकर व्रती महिलाओं और उनके परिजनों,शुभचिंतकों में जबरदस्त उत्साह है। घरों में साफ–सफाई के साथ छठ माता के पूजन के लिए विविध पकवानों के बनाने की तैयारी हो रही है। वहीं,पूजन के लिए मौसमी फलो,बांस का सूप,दौरी,गन्ना व अन्य सामानों की खरीददारी हो रही है। बाजारों में भी सूप,दौरी,मौसमी फल,गन्ना आदि की अस्थाई दुकानें सज गई है। व्रती महिलाओं के परिजन गंगाघाटों ,वरूणा नदी किनारे,विभिन्न,तालाबों और सरोवरों के किनारे वेदी बनाकर जगह छेंक रहे हैं । घरों और बाजारों में छठ माता के पारम्परिक और नए गीत बज रहे है। छठ मईया के गीत बाट जे पूछेला बटोहिया, बहंगी केकरा के जाय..., कांच ही बांस के बंहगिया, बहंगी लचकत जाए... ने माहौल को भक्तिमय बना दिया है। डाला छठ पूजा अब बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड की सीमाओ से आगे बढ़ रहा है। लोक आस्था के महापर्व की सुगंध अब विदेशों में भी देखने को मिल रही है। सूर्य उपासना और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक यह पर्व पूरे देश में मन रहा हैं । इस पर्व का आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व भी है। महापर्व में उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर लोग उनके प्रति सम्मान का भाव दिखाते है। साहित्यकार श्याम नारायण लाल,डॉ जयशंकर यादव 'जय' बताते है कि इस पर्व में भगवान सूर्य की आराधना की जाती है, जिन्हें ऊर्जा, शक्ति और जीवन का स्रोत माना जाता है। हिंदू धर्म में भगवान सूर्य को सभी देवी-देवताओं में प्रत्यक्ष देवता के रूप में पूजा जाता है। छठ पूजा में व्रतधारी महिलाएँ कठिन तप और संयम का पालन करती हैं। यह पर्व आत्मशुद्धि और आंतरिक शांति का प्रतीक माना जाता है, जिसमें व्यक्ति न केवल भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट करता है, बल्कि स्वयं में भी एक नई ऊर्जा का संचार महसूस करता है। डॉ जय बताते है कि छठी मैया को संतान की रक्षा और परिवार की सुख-समृद्धि की देवी माना जाता है। मान्यता है कि इस पर्व में की गई आराधना से व्रतधारी को सुख-समृद्धि, संतति सुख और स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद प्राप्त होता है। छठ पूजा का वैज्ञानिक महत्व भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इस पर्व के दौरान व्रतधारी नदियों, तालाबों या किसी जलाशय में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से यह कहा जा सकता है कि उगते और डूबते सूर्य की किरणें स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक लाभकारी होती हैं। व्रती तीन दिन तक उपवास करते हैं और जलाशयों में स्नान करते हैं, उनके शरीर में एक प्रकार की शुद्धि प्रक्रिया प्रारंभ होती है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो यह प्रक्रिया शरीर के विषैले तत्वों को दूर करने में सहायक होती है। छठ पूजा का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति जागरूक बनाता है। पर्व के दौरान जलाशयों, नदियों और अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों की पूजा की जाती है, जो प्रकृति के संरक्षण का प्रतीक है। छठ पूजा का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह समाज में एकता और सद्भावना का संदेश भी देता है। इस पर्व में हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी वर्ग या जाति का हो, एक समान भाव से सूर्य देव की पूजा करता है। यह समाज में एकजुटता का संदेश देता है। डॉ जय कहते है कि छठ पूजा का महत्व भावनात्मक दृष्टिकोण से भी अत्यधिक है। देश-विदेश में बसे लोग इस पर्व के लिए अपने गाँव-घरों को लौटते हैं। यह पर्व परिवारों को आपस में जोड़ता है, रिश्तों में नई मिठास लाता है और समाज में मिल-जुलकर जीवन जीने का संदेश देता है। यह पर्व सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों का संगम प्रस्तुत करता है।

## वाराणसी नगर निगम को चार जोन में बांटने की योजना पर कांग्रेस ने उठाया सवाल

■ बोले–इससे काशी के नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वाराणसी नगर निगम को आठ की जगह चार जोनों में विभाजित करने की योजना पर कंग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। पार्टी के महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने शुक्रवार को कहा कि यह निर्णय काशी की जनता के साथ घोर अन्याय है और इससे नागरिकों की समस्याएं और बढ़ेंगी। चौबे ने कहा कि वर्तमान में नगर निगम आठ जोनों–वरुणा, भेलूपुर, आदमपुर, दशाश्वमेध, कोतवाली, रामनगर, सारनाथ और ऋषि मांडवी–में बंटा हुआ है, फिर भी नगर निगम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में विफल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर के कई इलाकों में सीवर का पानी सड़कों पर बह रहा है, जगह-जगह कूड़े के अंबार लगे हैं और नवनिर्मित वार्डों में नगर निगम के अधिकारी आज तक नहीं पहुंचे हैं। महानगर अध्यक्ष ने कहा, ळ्जब आठ जोनों के बावजूद नगर निगम जनता की समस्याएं नहीं सुलझा सका, तो चार जोनों में बांटने से हालात और बिगड़ेंगे। यह योजना सिर्फ जनता को परेशान करने के लिए है।ङ्क उन्होंने चेतावनी दी कि कंग्रेस इस फैसले का विरोध करेगी और जल्द ही इसके खिलाफ व्यापक जन आंदोलन छेड़ा जाएगा। चौबे ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष और भू-माफिया मिलकर रामनगर जोन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। नगर निगम को चार जोनों में बांटने की कवायद दरअसल रामनगर जोन को भू-माफियाओं के कब्जे में देने की साजिश है। उधर, राज्य सरकार का कहना है कि नगर निगमों की प्रशासनिक संरचना को सरल और प्रभावी बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा और गाजियाबाद सहित 17 प्रमुख नगर निगमों में अब औसतन पाँच लाख की आबादी के हिसाब से चार-चार जोन बनाए जाएंगे। सरकार का दावा है कि इस व्यवस्था से शहरी प्रबंधन अधिक पारदर्शी और सशक्त होगा।

## कविता प्रकटना कवि का धर्म

कविता भवसागर से निस्सृत
कविता अमृतसार न विस्तृत
कविता सद् प्रकाश युक्त सविता
कविता सतत कल्याणी सरिता

कविता परमेश्वर की प्रशंसा
कविता प्रकृति की सत्यानुशंसा
कविता माध्यम सत्य प्रकाशन
कविता का अपना अनुशासन

कविता परमपिता की प्रेरणा
कविता न लोकप्रियता एषणा
कविता स्वाभाविक सुमनमाल
कविता से उन्नत जगत भाल

कविता नहीं रचना मनमानी
कविता सदा प्रकटता सद्ज्ञानी
कविता सद्भावना युक्त लेखनी
कविता न आलोचना न टिप्पणी

कविता ईश्वर प्रदत्त प्रतिभा
कविता रचती दैवीय प्रतिमा
कविता सदा सत्य ज्ञान सहित
कविता विकारी विचार रहित

कविता न परिणाम परिश्रम
कविता हरती सांसारिक भ्रम
कविता साकार निराकार ब्रह्म
कविता प्रकटना कवि का धर्म

**कृष्ण दयाल शर्मा**
**गुरुग्राम।**